हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 09.2 डिग्री



10 आवास योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही उजागर, रोजगार सहायक की सेवा समाप्त



11 संस्कारों और संस्कृति की शिक्षा का मंच है केपीएस पाटनः सांसद बघेल











## खबर संक्षेप

### अफीम के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार, भेजा जेल



**भिलाई।** अफीम का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर महाराणा प्रताप चौक, सेक्टर-6 भिलाई के पास बाइक में अफीम बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था। इस दौरान पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर वृद्ध को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम सेक्टर 6 निवासी बलवीर सिंह 65 वर्ष बताया है। तलाशी लेने पर आरोपी के बाइक की डिक्की से अफीम 205 ग्राम 40 हजार, नगदी 500 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। इसके अलावा बाइक की कीमत 25 हजार रुपए अआंकी गई है। कुल सामानों की कीमत 80 हजार 500 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई भिलाई नगर पुलिस ने किया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अवैध कारोबार में वह अकेला नहीं बल्कि अन्य लोग भी शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुटी हुई है।

## यातायात सुरक्षा माह के दौरान एक बार फिर दुर्घटना

# बेखौफ हुआ ट्रैफिक, पचपेड़ी और दनिया में सड़क हादसे में तीन युवकों ने गंवाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

*दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पहली घटना बोरी और दूसरी भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि ग्राम हनोदा देवराज, सेलूद लोकेश यादव अपनी बाइक से दशगात्र में शामिल होकर घर लौट रहे थे।*

इस दौरान ग्राम पचपेड़ी भिलाई 3 के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित होने से बाइक में सवार दोनों युवक पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा के चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई है। खबर लगते ही आसपास के लोगों की भीड़ सड़क पर लग गई।

भिलाई तीन पुलिस को जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित कर दोनों के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। अज्ञात हाइवा वाहन की खोजबीन में पुलिस जुटी हुई है। इसके अलावा आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला भी जा रहा है। वहीं दूसरी घटना बोरी थाना क्षेत्र की है। जहां मंडई देखकर ससुराल लौट रहे बाइक सवार युवक वार्ड 12, भाठापारा, ग्राम पिटौरा निवासी भरत कुमार निषाद अपने ससुराल पथरिया मंडाई देखने गया था। लौटते समय अपने बाइक सीजी 07 सीएस 5811 में सवार होकर ओमकार ठाकुर, सुरेश ठाकुर के साथ ननकट्ठी से पथरिया की ओर जा रहे थे।

**भिलाई तीन और बोरी थाना क्षेत्र की घटना...**





### ग्राम दनिया के पास बाइक हुई अनियंत्रित, हो गया हादसा

बोरी पुलिस ने बताया कि भरत बाइक तेज रफ्तार से चला रहा था। दोस्तों ने भरत को बाइक स्लो चलाने की हिदायत भी दिया लेकिन रफ्तार के साथ बाइक चला रहा था। भरत की बाइक ग्राम दनिया के पास स्लीप हो गई। बाइक सवार तीनों जोरदार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में भरत को सिर पर गंभीर चोट आई अन्य दो युवकों को भी चोटे आई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उपचार के लिए बोरी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां डॉक्टर ने भरत निषाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों युवक घायल है जिनका उपचार जारी है।

## उत्तरपुस्तिकाओं की जांच भी शुरू

# डीईओ ने किया 10वीं और 12वीं प्री बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने विद्यालयों में चल रही 10वीं व 12वीं प्री बोर्ड की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जांची गई उत्तर पुस्किाओं के मूल्यांकन का अवलोकन किया गया एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाए जाने की रणनीति बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

चिन्हाकित कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम की लगातार तैयारी कराने, कमजोर बच्चों को रोजाना 5 प्रश्न गृहकार्य में दिये जाने एवं शिक्षकों द्वारा इसे हर-रोज मूल्यांकन कर बच्चों की कमियां एवं इन कमियों को सुधारने के टिप्स दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई के कक्षा 12वीं के कला संकाय के 50 प्रतिशत से कम रिजल्ट को लेकर चिंता जताई एवं शिक्षकों को कला के विषयों में उत्तर लिखने के पैटर्न का निरंतर अभ्यास कराए जाने एवं पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करवाने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के 10वीं कक्षाओं के छात्रों को परीक्षाओं के चलते समय से पूर्व घर भेज दिया गया जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षकों को फटकार लगाई एवं दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी।

### स्टॉफ रूम में गप्पे हांकते मिले शिक्षक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी में शिक्षक स्टॉफ रूम में पाये गये जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनावश्यक स्टॉफ रूम में न बैठने एवं समय पर कक्षा में उपस्थित रहने को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहखड़ी, पहाड़ा, पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर शिक्षकों को वीएसके के माध्यम से ही उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।




# बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारियों को सिखाए गए सुरक्षा के उपाय



## डिस्चार्ज रॉड से हेलमेट तक विद्युत सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत बेमेतरा संभाग के नांदघाट वितरण केंद्र में तकनीकी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला गुरुवार को नांदघाट और मारो वितरण केंद्र में पदस्थ सभी तकनीकी कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई।

कार्यशाला के दौरान नांदघाट वितरण केंद्र में कार्यालय निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस मनोज, कार्यपालन अभियंता जेएस भटनागर, अनसुईया ठाकुर और सहायक अभियंता नवीन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत सुरक्षा के बुनियादी नियमों को समझना और उनका पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि अधिकांश विद्युत दुर्घटनाएं छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण होती हैं, जिन्हें सही सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से रोका जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य बनाकर और तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी। कार्यशाला में सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर जैसे उपकरणों के नियमित उपयोग और समय-समय पर उनकी जांच करने के निर्देश दिए। वहीं खराब उपकरणों को तत्काल बदलने की बात भी कही गई।

## वर्तमान शिक्षा प्रणाली केवल रोजगार तक सीमित हो रह गई है : दुबे

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में 21वीं शताब्दी की नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत जन-जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय सरकारी प्रतिष्ठान से सेवानिवृत्त अभियंता देवेन्द्र कुमार दुबे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर स्थित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस सत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान देवेन्द्र कुमार दुबे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली मुख्य रूप से केवल रोजगार तक सीमित हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के दौर में व्यक्तित्व विकास, आर्थिक आजादी और उत्तम स्वास्थ्य की शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला होनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच एक विशेष प्रश्नावली साझा की गई, जिसमें जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचारणीय प्रश्न पूछे गए थे। इसके साथ ही युवाओं और समाज के लिए उपयोगी पुस्तकों की एक सूची भी प्रदान की गई, जिन्हें स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने माना कि कार्यस्थल के तनावपूर्ण माहौल के बीच ऐसे जीवन उपयोगी विषय न केवल कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक हैं।



## खबर संक्षेप

### मनरेगा के मजदूरों को किया जा रहा है जागरूक



**भिलाई।** प्रदेश अध्यक्ष कामगारव कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर के निर्देश पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत अहिवारा विधानसभा के गाँव,गांव में चल रहा है। इस दौरान बैठक रख मजदूरों को अपने हक के लिए जागरुक किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सचिव राम कुमार सूर्यवंशी, राहुल, आछोटी, मुरमुंदा,मलपुरी, लिमतरा में पहुंचकर लोगों को मनरेगा के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

### विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 27 जनवरी से 03 फरवरी 2026 तक विभागीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग में यह परीक्षा भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) में आयोजित की जाएगी। संभाग आयुक्त द्वारा विभागीय परीक्षा के सुचारू रूप से सम्पादन हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी कार्य सौपे गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग दुर्ग के सहायक संचालक केके शुक्ला को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग ढाल सिंह बिसेन एवं नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक (इन्व्हीजिलेटर), सहायक ग्रेड-3 एस. अभिषेक एवं खेलू राम पटेल को लिपकीय कार्य, भृत्य मेघनाथ साहू, ईश्वरी साहू को भी जिम्मेदारी दी गई है।

### अभ्युदय योजना के तहत 19 से मोतियाबिंद शिविर

**दुर्ग।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जिले के बुजुर्गों, विशेषकर वृद्धाश्रमों में रहने वाले नागरिकों की आंखों की जांच कर उन्हें मोतियाबिंद की समस्या से राहत दिलाना है। लगभग 100 पात्र हितग्राहियों के मोतियाबिन्द का ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में किया जाएगा। 19 जनवरी को वृद्धाश्रम पुलगांव में शिविर लगेगा जिसमें पुलगांव, रामशीला, जुनवानी, की कुटिया और प्रशामक गृह दुर्ग के क्षेत्र सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार 20 जनवरी को आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-8 भिलाई में शिविर आयोजित होगा जिसमें आस्था वृद्धाश्रम तथा सेक्टर-2 भिलाई क्षेत्र सम्मिलित होंगे। 21 जनवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा नाका में सिकोला भाठ, उरला और करहीडीह क्षेत्र के लिए जांच की जाएगी। 22 जनवरी को शिवपारा और कंडरापारा में शिविर लगेगा।

## सखी केंद्र की निगरानी में दंपती को पुनः साथ रहने का मौका, 35 मामलों में हुई सुनवाई

# पति-पत्नी के झगड़े में सामने आया अवैध संबंध, पति ने मांगी माफी, दोनों पक्षों में सुलह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी सदस्य ओजस्वी मंडावी एवं सह प्रभारी लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं।

जनसुनवाई जिले के कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका की अनुपस्थिति के कारण मामला शीघ्र सुनवाई हेतु रायपुर स्थानांतरित किया गया। वहीं एक अन्य प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए गए मामले को आयोग में सुनवाई के निर्देश प्राप्त होने के बाद पुनः सुनवाई की गई, जिसमें पुलिस जांच दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरण की अगली सुनवाई 11 फरवरी को रायपुर में निर्धारित की गई है। पति-पत्नी विवाद से जुड़े एक गंभीर मामले में अवैध संबंधों के आरोप सामने आए। आयोग द्वारा समझाइश के बाद पति ने पत्नी और पुत्र के समक्ष माफी मांगी। दोनों पक्षों को साथ रहने का अवसर दिया गया, जिसकी निगरानी सखी केंद्र द्वारा की जाएगी।

महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने की सुनवाई



### प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश

### शिकायतकर्ता ने शिकायत वापस ली, अनावेदक की मृत्यु के बाद प्रकरण नस्तीबद्ध

एक अन्य प्रकरण में शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत वापस लेने तथा संबंधित व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। वहीं पारिवारिक संपत्ति विवाद के एक मामले में आयोग की टीम द्वारा मौके पर जाकर आवेदिका को भूमि का कब्जा दिलाने और सुलहनामा कराने का निर्णय लिया गया। न्यायालय में लंबित प्रकरणों को आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य मामले में जनहित की शिकायत पर दर्ज एफआईआर को लेकर अनावेदक को एक माह में एफआईआर वापस लेने के निर्देश दिए गए, जिसकी अगली सुनवाई रायपुर में होगी।

### संपत्ति के बंटवारे को लेकर उपजे विवाद में भी की सुनवाई

पत्ति बंटवारे से जुड़े एक प्रकरण में विधवा महिला को अपनी संपत्ति बेचने और बच्चों में समान रूप से वितरण की स्वतंत्रता दी गई, जिस पर सभी पक्ष सहमत पाए गए। जनसुनवाई के माध्यम से महिला आयोग ने कई मामलों में त्वरित समाधान, सुलह एवं महिला हित में निर्णय देकर राहत प्रदान की। किरणमयी नायक ने महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों को लेकर प्रशासनिक महकमे को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें। आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। जांच प्रतिवेदन तैयार कर समय पर प्रस्तुत करें। अन्यथा आयोग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# आवास योजनाओं की समीक्षा में लापरवाही उजागर, रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जनपद पंचायत पाटन के सभाकक्ष में जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सप्ताह में तीन दिवस नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव एवं आवास मित्र संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। मनरेगा के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा के भीतर 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जियो-टैगिंग सहित समस्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र की तय की गई। साथ ही लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में संबंधित प्रकरण तत्काल ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कर पंचायत सचिव द्वारा शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में

### मस्टर रोल जारी नहीं करने, जियो टैगिंग अपूर्ण मिलने पर कार्रवाई

समीक्षा के दौरान मस्टर रोल जारी नहीं किए जाने एवं जियो-टैगिंग पूर्ण न होने पर संबंधित ग्राम पंचायतों के तकनीकी सहायकों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को नोटिस जारी करने तथा लापरवाही पाए जाने पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मस्टर रोल जारी नही किया गया है। ग्राम पंचायत पहंदा में आभा नेताम तकनीकी सहायक, तुमन सोनी सचिव, रोजगार सहायक रोहित कुमार ठाकुर, भूनेन्द्र कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर, बलराम वर्मा कम्प्यूटर आपरेटर, बोरीद में भुनेशवार प्रसाद ठाकुर, बोरवाय में आकाश देवांगन, तकनीकी सहायक मनीष कुमार चतुवेदी, केसरी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

यह भी निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा निर्माण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है अथवा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध आरआरसी प्रकरण दर्ज किया जाए। साथ ही अपूर्ण एवं प्रारंभ न किए गए निर्माण कार्यों के मामलों में राजस्व विभाग के माध्यम से वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

### किस्त जारी होने के बाद भी 302 काम नहीं हुए शुरू

बैठक में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त 302 अप्रारंभ निर्माण कार्यों, वित्तीय वर्ष 2024–25 द्वितीय किस्त प्राप्त 236 अपूर्ण निर्माण कार्यों, आवास प्लस 2.0 सर्वे अंतर्गत शेष 8069 प्रकरणों, लंबित जियो-टैगिंग, भूमिहीन हितग्राहियों के प्रकरणों तथा मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

# गरीबों के घर का सपना हुआ पूरा, 60 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**■ भिलाई निगम ने लॉटरी सिस्टम से आवंटित किया आवास**

शासन के मंशानुसार नागरिकों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी का आयोजन किया गया। लाटरी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हितग्राहियों का लाटरी निकालकर आवास आबंटित किया गया है। निगम क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पूरे भारत में पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन कर रहे है। जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लिया जाता है। स्वीकृति पश्चात आवास आबंटन की लाटरी का आयोजन किया गया है। निगम सभागार कक्ष में कुल 60 पात्र हितग्राहियों का लाटरी निकाली गई। लाटरी में जो ब्लाक और मकान नंबर लिखा होता है, उस हितग्राही को आबंटित किया गया। लाटरी में उपस्थित सभी हितग्राही मकान आबंटित होने पश्चात खुश होकर सरकार को धन्यवाद दिया। लाटरी के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन आदि मौजूद थे।

# रोड एक्सीडेंट में कमी लाने ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**■ पुलिस विभाग और पीड़ब्ल्यूडी के आला अधिकारी पहुंचे थाना नंदिनी नगर क्षेत्र**



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) द्वारा थाना नंदिनी नगर क्षेत्र के रोड एक्सीडेंट ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नीलू पिस्दा और पीडब्ल्यूडी इंजीनियर मनीष तिवारी सहित थाना प्रभारी नंदनी अहिवारा मौजूद थे। निरीक्षण उपरांत दुर्घटनाजनक स्थलों पर रोड सिग्नल, स्पीड ब्रेकर, स्टॉप लाइन एवं संकेतक बोर्ड लगाने संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया, ताकि रोड एक्सीडेंट से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में निर्देश जारी करते हुए सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए संबंधित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तथा थाना प्रभारी को घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना स्थल पर घायलों को प्राथमिकता के आधार पर निकटतम चिकित्सालय पहुंचाना, मृतक अथवा घायल व्यक्ति के परिजनों को तत्काल सूचना देना, अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करना एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना थाना प्रभारी की प्राथमिक जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। साथ ही दुर्घटनाकारित वाहन एवं वाहन चालक को सुरक्षित अभिरक्षा में रखते हुए वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि दुर्घटना के कारण मार्ग अवरुद्ध होता है या चक्का जाम जैसी स्थिति निर्मित होती है, तो यातायात व स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल वैकल्पिक मार्ग निर्धारित कर वाहनों को डायवर्ट करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद की हुई बैठक

# आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं की शादी कराने भोजपुरी परिषद ने लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद की बैठक केंद्रीय कार्यालय पॉवर हाउस भिलाई में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने की। बैठक में इस साल विभिन्न रचनात्मक कार्य करने पर विचार किया गया। सदस्यता अभियान के तहत सभी भोजपुरी प्रेमियों को संगठित करने पर विचार किया गया। आर्थिक स्थिति से मजबूती हेतु सदस्यता शुल्क के माध्यम से भोजपुरी परिषद को संगठन में जोड़ने का निर्णय लिया गया। परिषद के विस्तारीकरण करने का भी निर्णय लिया गया। इसमें तीन उपाध्यक्ष, दो सचिव, एक कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। बैठक में बताया गया कि संगठन को चलाने उन्हीं लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी जो पद की गरिमा को समझ सके। भोजपुरी संस्कृति के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख त्योहारों को धूमधाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। समाज में गरीब निर्धन कन्याओं की शादी भोजपुरी परिषद करने जा रही है। मेधावी छात्र-छात्राओं, मेधावी खेल क्षेत्र में अग्रणी रहने वाले भोजपुरी खिलाड़ी को सम्मान व प्रोत्साहन दिया जाएगा । बैठक में संजय ओझा, मदन मोहन त्रिपाठी, संतोष शर्मा, संतोष राय, केके झा, जेपी गुप्ता का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष प्रभु नाथ बैठा, प्रदेश युवा प्रभारी ठाकुर मनोज सिंह, महासचिव बीपी सिंह, शंभू नेता, मोतीलाल बैठा, टीएन पांडे,बीएन चौबे, निरंजन हजारी, मनोज कुमार चौधरी उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज

**भिलाई।** शक्ति प्रवाह उड़ान एक मंजिल संस्था द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष में महिला क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। संस्था को 8 साल पूरे होने पर स्थापना दिवस में मनाया जा रहा है। संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्ष अंजू साहू ने बताया कि यह आयोजन का 6वां वर्ष है। इसमें महिलाओं द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जाएगा। इसमें महिलाओं की उम्र 30 साल से उपर एवं शादी शुदा होना अनिवार्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री ताम्रध्वज साहू, साहू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, विधायक मान देवेंद्र यादव, एचटीसी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, लक्ष्मीपति राजू, मेयर शशि सिन्हा, एमके साहू, संधीर साहू, कबीर साहू, भरत साहू, देवेश साहू शामिल होंगे। क्रेडिट का आयोजन रिसाली दशहरा मैदान में 17 और 18जनवरी को होगा।

## एक दिवसीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता आज

**उतई।** नगर पंचायत उतई के वार्ड-6 घसीदास नगर हथखोज पारा में एक दिवसीय पंथी नृत्य मन सत्य ज्ञान दीप पंथी नृत्य दल एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 17 जनवरी को आयोजित है। मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण विधायक होंगे। अध्यक्षता सरस्वती बंजारे जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग करेंगी तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री आर एस बारले ,सरस्वती साहू अध्यक्ष नगर पंचायत उतई ,शिवनारायण देशमुख उपाध्यक्ष नगर पंचायत उतई ,शीतला ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मंडल उतई, बी.एल कुर्रे अध्यक्ष जय सतनाम सेक्टर 6,शीतल कोठरी ,तहसील सतनामी समाज दुर्ग,दिवाकर गायकवाड़ सहसचिव जय सतनाम सेकण्ट 6,बसंती गायकवाड़ उपाध्यक्ष तहसील सतनामी समाज दुर्ग,लता सोनवानी पार्षद वार्ड क्रमांक 06 होंगे।

## राज्य स्तरीय जस झांकी स्पर्धा आज

**कुम्हारी।** स्थानीय बाजार चौक में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 17 और 18 जनवरी को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के संयोजक माँ महामाया सेवा समिति कुम्हारी हैं। आयोजन श्री जय माँ शारदा महामाया बघवा जस झांकी परिवार कुम्हारी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। विजेता सम्मानित किए जाएंगे।

## परेशानी — बुन्देलखण्ड रेल सेवा समिति ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

# दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुन्देलखण्ड रेल सेवा समिति ने सांसद विजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग की है।

समिति के अध्यक्ष विकास चंदेल और सचिव नजम फरीदी ने सांसद को सौंपे ज्ञापन में कहा कि रले विभाग ने छत्तीसगढ़ और बुंदेलखण्ड को जोड़ने के लिए सीधी रेल सेवा के तहत अक्टूबर 2004 में दुर्ग कानपुर बेतवा एक्सप्रेस को प्रारंभ किया था लेकिन यह ट्रेन मात्र दो दिन चती है और 20 वर्ष बाद भी इसके फेरों में वृद्धि नहीं की गई। जबकि इसकी मांग प्रारंभ से जारी है और रेल प्रशासन से केवल आश्वासन मिलता रहा। नजम फरीदी ने कहा कि एक से एक एक दिन और फेरे बढ़ाया जाए। यह ट्रेन कानपुर से सोमवार को चलकर मंगलवार को दुर्ग पहुंचती है। इसी दिन लखनऊ-रायपुर गरीब रथ इसी रूट पर चलती है। किसी एक ट्रेन के दिन में परिवर्तन करने से एक दिन अतिरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध्य होगी।

### दो के बदले तीन दिन चलाया जाए रायपुर-लखनऊ गरीब रथ

नजम फरीदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और बुंदेलखंड को जोड़ते हुए रायपुर-लखनऊ गरीब रथ 2008 से प्रारंभ की गई थी। 15 साल बाद भी इसके फेरों में वृद्धि नहीं की गई। इससे भिलाई-दुर्ग के नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। फरीदी ने इस ट्रेन में 20 कोच लगाने और फेरे बढ़ाते हुए तीन दिन चलाने की मांग की है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दुर्ग ग्रामीण अंचल में सरसों की लहलहाई फसल, किसानों के चेहरे खिले

## कीट प्रकोप कम होने से इस बार अधिक पैदावार की संभावना, आय भी बढ़ेगी किसानों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचल में इस समय सरसों की खेती अपने पूरे शबाब पर है। खेतों में दूर-दूर तक फैली पीले रंग की सरसों की फसल न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है।

इस वर्ष अनुकूल मौसम, समय पर बुवाई और पर्याप्त सिंचाई के कारण सरसों की फसल अच्छी स्थिति में है। गांव-गांव में किसान पारंपरिक तरीकों के साथ आधुनिक



कृषि तकनीकों का उपयोग कर बेहतर उत्पादन की ओर बढ़ रहे हैं। सरसों की फसल कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसलों में गिनी जाती है, जिससे छोटे और मध्यम किसान भी इसे प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस बार की फसल में कीट प्रकोप अपेक्षाकृत कम रहा है, जिससे उत्पादन बढ़ने की पूरी संभावना है। साथ ही सरसों के तेल की बाजार में बढ़ती मांग से किसानों को उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सरसों की खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होती है और रबी सीजन की महत्वपूर्ण नकदी फसल है। दुर्ग ग्रामीण अंचल में सरसों की बढ़ती खेती से क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। पीले फूलों से सजे खेत न सिर्फ किसानों की मेहनत की कहानी बयां कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अंचल की प्राकृतिक सुंदरता को भी दर्शा रहे हैं।

## गौरव का पल : जुलूस निकालकर फूल मालाओं से लाद दिया गांव वालों ने

# अर्द्धसैनिक बलों में सेवा देने जा रहे गांवों के नौजवान, स्थानीय लोगों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

खारुन नदी किनारे एक छोटे से गांव आगेसरा के किसान माता पिता की मेहनत रंग लाई और बेटे के निःशुल्क सेवा करने का फल मिला सीआईएसएफ में पोस्टिंग के रूप में। उनकी इस सफलता से पूरा गांव गौरवान्वित और हर्षित है। यहां निवासरत यमन साहू ग्राम पंचायत आगेसरा द्वारा संचालित समर्पण निशुल्क कोचिंग क्लास में शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे।

यमन साहू का चयन सीआईएसएफ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। समर्पण कोचिंग क्लास के नेतृत्वकर्ता सरपंच रमाकांत साहू , पंच गण, एवं ग्रामवासी ने यमन को बधाई देते हुए भव्य स्वागत किया।

यमन साहू ने बताया कि वहां पर वह एक शिक्षक के रूप में बच्चों को

### यमन सेवा देंगे सीआईएसएफ में



पढ़ाते हैं और समर्पण निशुल्क कोचिंग क्लास में दर्शन अकैडमी दुर्ग द्वारा दिए जाने वाले ऑनलाइन क्लास से स्वयं बच्चो के साथ पढ़ाई करते है। यमन साहू ने बताया कि पिता सुखनंदन साहू एवं माता श्रीमती कुसुम साहू किसानी कार्य करते है। इन दोनों की मेहनत और संस्कार ने मेरा हौसला बढ़ाया और अपनी मेहनत के दम पर सपना साकार हो गया।

### सन्नी का सशस्त्र सीमा बल में चयन



**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम चंदखुरी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे सन्नी साहू ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर सशस्त्र सीमा बल में चयनित होकर जिले व गांव का नाम रोशन किया है। वे स्वर्गीय संतोष साहू एवं गजेश्वरी साहू (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चंदखुरी) के सुपुत्र हैं। बल में चयन के पश्चात सन्नी का प्रशिक्षण बिहार स्थित प्रशिक्षण केंद्र में लगभग 44 सप्ताह तक चला। कठिन प्रशिक्षण पूर्ण कर जब वे प्रथम अवकाश पर अपने गृह ग्राम पहुंचे, तो पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल देखने को मिला। ग्राम आगमन पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा बाजे-गाजे, डीजे और देशभक्ति गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने नाचते-गाते हुए देवी-देवताओं के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सन्नी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सम्मानपूर्वक निवास स्थल तक लाया गया। इसके पश्चात समाजसेवी भूपेन्द्र साहू, सुशील देवांगन, राधेलाल सोनी एवं शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर ने सन्नी के निवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया, मुंह मीठा कराकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर समाजसेवी भूपेन्द्र साहू ने कहा कि सन्नी साहू ने न केवल अपने गांव का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे साहू समाज को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि सन्नी आज आसपास के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 22 जनवरी से

**अंडा।** ग्राम परसदा (डगनिया) में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हिन्दु सनातन युवा मंच परसदा-डगनिया के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 जनवरी से 26 जनवरी तक स्कूल मैदान, ग्राम-परसदा (डगनिया), जिला-बालोद (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,00,001 (एक लाख एक रुपये) नगद राशि एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 51,001 (इक्यावन हजार एक रुपये) नगद राशि एवं विनर कप दिया जाएगा।

### वार्षिक खेलोत्सव आज

**दुर्ग।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग में 11वां वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन 17 जनवरी को रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसमें प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 50 और 100 मी, गुब्बारा दौड़, बॉल रेस, नींबू दौड़, जिग जैग रेस तथा कक्षा छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, 200 मीटर रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। शाला की एकेडेमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्या दीप्ति तिवारी, डायरेक्टर ऑपरेशन्स मनीष तिवारी, निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा द्वारा वार्षिक प्रतियोगिताएं व अन्य गतिविधियों के आधार पर विजेता हाऊस को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### गोढ़ी में मानस गान स्पर्धा एवं मंडई मेला आज से

**भिलाई।** गोढ़ी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सजीव बनाए रखने दो दिवसीय मानस गान स्पर्धा तथा मंडई मेला का आयोजन किया गया है। मानस गान स्पर्धा का 17 एवं 18 जनवरी को होगा। प्रतियोगिता में कुल 18 मानस मंडलियां भाग लेंगी, जो रामचरितमानस की चौपाइयों, भजनों एवं प्रसंगों का भावपूर्ण एवं मधुर गायन प्रस्तुत करेंगी। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वहीं 19 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा समाज के विशिष्ट नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### निधन

**सुशील कहार**

**दुर्ग।** उरला दुर्गा काली मंदिर बायपास के संस्थापक गुरु सुशील कहार (63 वर्ष) का निधन हो गया।



उनका अंतिम यात्रा 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा काली माता मंदिर बायपास रोड के नीचे उरला वार्ड 58 से निकलेगी। वे आकाश व चंद्रशेखर, सागर कहार के पिता थे।

## संस्कारों और संस्कृति की शिक्षा का मंच है केपीएस पाटन: सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

केपीएस पाटन वार्षिक उत्सव समारोह विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रमुख सत्र के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि वार्षिक समारोह केवल मंचीय कार्यक्रम नहीं बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास अभिव्यक्ति एवं नेतृत्व क्षमता को निकालने का सशक्त माध्यम है। इसके पहले प्रथम सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग जिले के एसएसपी विजय अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुरक्षा ही जीवन का मूल होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की भूल नहीं होनी चाहिए। संस्था की डायरेक्टर अनुपमा उपाध्याय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जीवन से जुड़े अनेक उदाहरणों एवं सारगर्भित सूक्तियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, परिश्रम और सकारात्मक सोच का संचार करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मयंक कटकवार ने कहा कि विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल और संस्कार का संतुलन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान स्वागत गीत पर विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं जादू, डिस्को, कार्टून, बहन भाई के प्यार, देशभक्ति, पंजाबी, पंथी राऊत नाच एवं बॉलीवुड के गीतों में एवं प्लेन क्रैश और आजकल की खान-पान पर बच्चों ने बहुत सुंदर रंगारंग प्रस्तुतिकरण को अतिथियों ने सराहा।

## सड़क सुरक्षा और साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक हुए स्कूल के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

न्याय सबके लिए के उद्देश्य को लेकर विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंडा, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय निकुम तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में किया गया।

- दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया गया



यह कार्यक्रम द्विजेंद्र नाथ ठाकुर, सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दुर्ग के मार्गदर्शन एवं अंडा पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सावधानी बरतने पर विशेष जोर दिया गया।

साइबर फ्रॉड के विषय में छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और मैसेज के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी के तरीकों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को ओटीपी, बैंक विवरण एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने, अनजान कॉल और संदिग्ध लिंक से दूर रहने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अंडा थाना प्रभारी पारस ठाकुर, उपनिरीक्षक तुलसीराम साहू, आरक्षक तेजेश्वर साहू, भीषम करैत, रामशरण साहू, योगेश श्रीवास्तव सहित पुलिस स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में छात्रों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

## अंचल की खबरें

### संत समागम में जुटे सतनामी समाज के लोग



**नंदिनी अहिवारा।** मिनी गिरौदपुरी सतनाम धाम गिरगोला में तीन दिवसीय संत समागम सतनामी समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। पहले दिन गुरु बाबा घासीदास बाबा गुरु गद्दी की पूजा अर्चना सुधाकर जामुलकर बी एस पी प्रबंधक और इंद्रजीत सिंह छोटू ने की। दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव और विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा ने पूजा अर्चना की। मंत्री यादव ने अपने उद्बोधन में विकास कार्य के लिए 15 लाख की घोषणा की। वहीं विधायक ने मंदिर के मुख्य गेट का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में सतीश साहू और नटवर ताम्रकार भी उपस्थित थे। तीसरे दिन राजराजेश्वरी कौशल माता जगतगुरु रिपुदमन ने परमपूज्य बाबा घासीदास बाबा जी गुरु गद्दी पूजा अर्चना की और जैतखाम में श्वेत पालो चढ़ाए।तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुंजलाल बंजारे, अध्यक्ष मनीष बंजारे, जिला महंत ऊषा सोने, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम बंजारे, शिव पुराने, सनतू बंजारे, डॉ प्रेमप्रकाश बंजारे, पवन भोज बंजारे, आगरदास नौरंग, कमल बंजारे, विक्रम मारकंडे, के के खेलवार सरपंच एवं अन्य उपस्थित थे।

### कॉलेज स्टूडेंट को दिए करियर से जुड़े टिप्स

**जामुल।** डॉक्टर मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में स्नातक तृतीय वर्ष के स्टूडेंट के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। करियर काउंसलिंग सेल के तत्वाधान में हुए इस कार्यक्रम में बीए बीएससी एवं बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के सहायक अध्यापक बलराज ताम्रकार ने यूपीएससी, पीएससी, एसएससी, रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, व्यापम और आईबीपीएस की भर्ती हेतु परीक्षाओं की न्यूनतम योग्यता, सिलेबस एवं परीक्षा प्रणाली पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### औंसर में स्वास्थ्य मेला लाभ उठाया ग्रामीणों ने



**सेलूद।** ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के बीपी शुगर एवं अन्य मरीज किशोरी बालिकाएं कैंप में पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में सरपंच प्रियालता महिपाल , आर के बंजारे, सेक्टर सुपरवाइजर, पीएससी रानीतराई, रेशम गुप्ता सीएचओ अजय कुमार साहू आरएचओ, दीपक कुमार वर्मा आरएचओ श्रीमती इंदिरा अहीर आरएचओ उपस्थित रहे l ग्राम औंसर एवं डिघारी के सभी मितानिन शिविर में उपस्थित हुए एवं ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य लाभ लिया।

### जगत कल्याण के अच्छे मनुष्यों को विष पीना पड़ता है : पांडेय



**अंजोरा।** ग्राम चिंगरी में शिव महापुराण कथा जारी है। मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित श्रृंखला में कथा व्यास पं. महेंद्र पांडेय ने हलाहल विष पान की प्रसिद्ध घटना को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से वर्णित किया, जिससे श्रोताओं के हृदय में शिव की करुणा और त्याग की भावना गहराई से उतर गई। उन्होंने सर्प को दुर्गुण (अहंकार, क्रोध, लोभ, माया आदि) का प्रतीक बताते हुए कहा कि सर्प मनुष्य को डसता और नष्ट करता है, किंतु भगवान शिव सर्पों को गले में धारण करते हैं अर्थात वे सभी दुर्गुणों को नियंत्रित कर कल्याणकारी बनाते हैं।

### बोहारडीह में शिव महापुराण कथा का समापन



**पाटन।** समीप के ग्राम बोहरडीह में साथ दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का समापन यज्ञ हवन पूजा के साथ हुआ। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद पंडित अनिल तिवारी ने शिव महापुराण की कथा सुनाई। समापन अवसर पर बुधवार को हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लिए। 7 दिवस के लिए ग्रामीण शिव भक्ति में सराबोर रहा।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन हनुमान चालीसा पाठ



**जामुल।** सर्व समाज के तत्वाधान में ग्राम सिरसा खुर्द में विशाल हिन्दू सम्मेलन हुआ। इस बीच सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें चिखली, खपरी, कुटेलाभाठा, जेवरा सिरसा, भटगांव, समोदा कचांदुर ग्रामों से बड़ी संख्या में मातृ शक्ति युवा जन हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित हुए। अतिथियों ने भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। सरस्वती शिशु मंदिर सिरसा खुर्द के बच्चों ने स्वागत गीत गाया।

## भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की खुली पोल : राकेश ठाकुर

# धान खरीदी केंद्रों में पहुंची कांग्रेस, किसानों से बात कर उजागर की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जामगांव (एम) सहित क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। पार्टी के मुताबिक निरीक्षण के दौरान भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों एवं धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाएं खुलकर सामने आईं।

निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष ठाकुर ने धान की तौल प्रक्रिया, बारदाना की उपलब्धता, धान की गुणवत्ता, उठाव एवं परिवहन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने तौल में गड़बड़ी, निर्धारित तिथि तक धान खरीदी पूरी न होने, टोकन की सीमा



कम होने तथा कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराईं।

जामगांव (एम) सोसायटी का आंकड़ा साझा करते हुए ठाकुर ने बताया कि 31 जनवरी तक कुल लगभग 50 हजार क्विंटल धान खरीदी का ही टोकन जारी किया गया है, जबकि उक्त सोसायटी में कुल 62 हजार क्विंटल धान की खरीदी प्रस्तावित है। ऐसी ही स्थिति पूरे दुर्ग जिले में बनी हुई है, जिससे लगभग 20 प्रतिशत धान की खरीदी नहीं हो पाएगी। यह भाजपा सरकार की सोची-समझी साजिश को दर्शाता है, जिसमें किसानों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

निरीक्षण के बाद भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि "भाजपा सरकार किसानों के पसीने की कमाई के साथ खुला खिलवाड़ कर रही है।

एक ओर करोड़ों रुपये का धान गोदामों में 'मुसवा (चूहा)' के नाम पर गायब किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान अपना धान बेचने के लिए घंटों लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं।" उन्होंने कहा कि वर्तमान धान खरीदी व्यवस्था से यह स्पष्ट है कि सरकार लगभग 20 प्रतिशत धान की खरीदी करने में असफल रहेगी, जो भाजपा सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने कलेक्टर, दुर्ग से मांग की कि मंगलवार तक किसानों का शत-प्रतिशत धान खरीदी सुनिश्चित करने हेतु तत्काल टोकन लिमिट बढ़ाई जाए अथवा धान खरीदी की समय-सीमा में विस्तार किया जाए।

### धान खरीदी में अनियमितता का आरोप कांग्रेसियों का आंदोलन 20 को



**उतई।** छत्तीसगढ़ राज्य में सरकारी गोदामों में रखे करोड़ों रुपये मूल्य के धान के कथित रूप से "मुसवा (चूहा)" द्वारा नष्ट किए जाने की घटना पर कांग्रेस ने तीखा आक्षेप किया है। पार्टी के दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कांग्रेस पार्टी की ओर से 20 जनवरी मंगलवार को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय के समक्ष भाजपा सरकार के खिलाफ एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं प्रतीकात्मक प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों की प्रतीकात्मक "बारात" ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी। कार्यकर्ता मुसवा (चूहों) के मुखौटे पहनकर धान खिलाते हुए प्रतीकात्मक दृश्य प्रस्तुत करेंगे। इसके माध्यम से जनता को यह स्पष्ट संदेश दिया जाएगा कि धान चूहों ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार के मंत्रीगणों ने हजम किया है।

## खबर संक्षेप

### महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग कल से

**भिलाई।** सार्वजनिक जनमानस कल्याणार्थ गुप्त नवरात्रि पर्व पर पंच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ और सतसंग भागवत कथा 18 से 27 जनवरी 2026 तक सनातन धर्म एकता संघ, भिलाई व श्री श्यामाचरण भारत संघ के तत्वावधान में स्टेट बैंक सेक्टर-1 के समीप सड़क- 11 के मैदान में आयोजित है।



अतिथि के रूप में डॉ. अमित मोदी राजनांदगांव, संतोष पिल्ले बिल्डर्स, डॉ. पवन तिवारी श्री आस्था हॉस्पिटल उतई, डॉ. वैद्यनाथ, रत्नाकर मिश्रा, घुघुवा, शकुन्तला साहू पार्षद वार्ड 53 सेक्टर-1, धीरेन्द्र मिश्रा संयोजक सहित मुख्य यजमान के रूप में निरंजन अग्रवाल सेक्टर-1, प्रमोद गुप्ता सेक्टर-9, मुरगेश सोनी शारदा पारा दुर्गा मंदिर, सोमनाथ मिश्रा चंद्र नगर, संजय प्रधान, सृष्टि अग्निहोत्री औरअनिल चौबे सेक्टर-1 प्रमुख रूप से शामिल हैं। कथावाचक आचार्य पंडित विवेकानंद महाराज ने बताया कि रविवार 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा, 19 जनवरी को प्रातः 9 बजे मंडप प्रवेश मंडप पूजन, प्रातः 10 बजे अग्नि मंथन, प्रातः 11 बजे हवन आहुति और दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे कन्या पूजन, शाम 4 बजे हवन पूर्णिमा होती के साथ ही महा भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम होगा। प्रतिदिन भागवत महापुराण कथा दोपहर 3 बजे से हरि कृपा तक और महाआरती प्रतिदिन संध्या 6 बजे संपन्न होगा। गुप्त नवरात्रि पर्व पर पंच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग भागवत कथा में विशेष सहयोगी एडवोकेट अशोक शर्मा सेक्टर-1 भिलाई है।

### मंडई मेला 21 को

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में भव्य मंडई मेला का आयोजन 21 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण एवं दर्शक शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात 10 बजे से मोर मयारू नाच पार्टी साराबोग जिला (उड़ीसा) वालों का कार्यक्रम आयोजित है। आयोजक समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

### भोथली में संगीतमय श्रीराम कथा 23 से

**अंडा।** बसंत पंचमी पर ग्राम भोथली में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन 23 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जा रहा है।



जय भारत मानस परिवार, जय भारत सरस्वती उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में यामिनी देवी साहू, बागबाहरा (महामंडलेश्वर) के श्रीमुख से कथा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। सरस्वती मंदिर प्रांगण, ग्राम भोथली, पोस्ट तिरगा में होने वाली इस कथा के लिए आयोजन समिति ने ग्रामीणों से भागीदारी का आह्वान किया है।

## लिमिट नहीं बढ़ने से जिले के सभी किसानों की उपज नियत अवधि तक खरीदी संशय में

# लिमिट नहीं बढ़ने से 66 उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट पार, 14 केंद्र में 40 हजार क्विं. से ज्यादा धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

धान खरीदी की नियत समय 31 जनवरी है। अवकाश के चार दिनों में खरीदी नहीं होगी। इस हिसाब से दस दिन खरीदी के लिए शेष है लेकिन सरकार ने धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई है। मौजूदास्थिति यह है कि जिले में 66 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान का स्टॉक हो गया है। खास बात यह है कि इसमें से 14 उपार्जन केंद्रों में 40 हजार क्विंटल से ज्यादा धान जाम हो गया है। किसानों का कहना है कि यदि धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो सैकड़ों किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो जाएंगे। किसान टोकन लेकर उपार्जन केंद्रों में जा रहे हैं लेकिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### इन केंद्रों में 40 हजार से क्विंटल से ज्यादा धान जाम

**केस 1**

केसरा धान उपार्जन केंद्र में पूरे जिले के उपार्जन केंद्रों में से सबसे ज्यादा धान का स्टॉक हो गया है। यहां 50284 क्विंटल धान जमा हो गया है। इस केंद्र से जिस हिसाब से धान खरीदी हुई है उस हिसाब से उठाव बेहद कमजोर है। 17.40 प्रतिशत ही उठाव हो पाया है।

**केस 2**

डीड़ाभाठा उपार्जन केंद्र में 49587 क्विंटल धान जाम हो गया है। पूरे जिले के उपार्जन केंद्र के हिसाब से यह उपार्जन केंद्र धान स्टॉक के मामले में दूसरे नंबर पर है। धान का उठाव केवल 34 प्रतिशत ही हुआ है। कई किसानों ने अपनी उपज अभी नहीं बेचा है।

**केस 3**

डोड़की उपार्जन केंद्र में 49426 क्विंटल धान जाम हो गया है। पूरे जिले में इस उपार्जन केंद्र धान का स्टॉक मामले में तीसरे नंबर पर है। धान का उठाव केवल 23.76 प्रतिशत ही हुआ है। यहां कई किसानों की धान खरीदी बाकी है।

**केस 4**

कुर्मीगुंडरा उपार्जन केंद्र में 44362 क्विंटल धान जाम हो गया है। जिस हिसाब से यहां धान का स्टॉक है उस हिसाब से अब धान रखने की जगह नहीं बचेगी। यहां धान का उठाव 23.29 प्रतिशत ही हो पाया है। कई किसानों का धान बिका नहीं है।

**केस 5**

बटरेल उपार्जन केंद्र में 44269 क्विंटल धान का स्टॉक हो गया है। यहां 32.65 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। धान रखने के लिए केंद्र में दिक्कतें आ रही है। कई किसानों ने धान नहीं बेचा है और रोजाना टोकन लेकर धान बेचने किसान आ रहे हैं।

*नोट: इसके अलावा उपार्जन केंद्र झीट, धमधा, फुंडा, बटरेल, बठेना, भरर, मोहरेंगा, राहटादाह, रौंदा और सुरपा उपार्जन केंद्र में भी 40 हजार क्विंटल से ज्यादा धान का स्टॉक जमा हो गया है।*

### अब तक 427618 मीट्रिक टन धान खरीदी

जिले में अब तक 1,01,365.16 लाख रूपए की लागत से 4,27,618.08 मे. टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें मोटा धान 1012418 क्विंटल की खरीदी की गई है। पतला धान 315450 क्विंटल और सरना धान 2838148 क्विंटल की हो चुकी है। उठाव हेतु 2,40,735.14 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हुआ है। उपार्जन केन्द्रों से 1,72,018.50 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है।जिले में अब तक धान बेच चुके 45165 कृषकों ने 1,237.50 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं।

### 31 हजार 557 किसानों ने नहीं बेचा है धान

दुर्ग जिले में 113484 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। अब तक 81927 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। इस हिसाब से 31557 किसानों को धान बेचने के लिए केवल दस दिन मिलेंगे। 31 दिसंबर धान खरीदी का अंतिम दिन है। किसान रवप्रिकाश ताम्रकार, राजेश सूर्यवंशी, गौतम निषाद,कैलाश देशमुख, विनोद साहू, झाडूराम वर्मा आदि ने बताया कि उपज के हिसाब से पूरा धान नहीं बेच पाने की स्थिति में हैं। टोकन पर्याप्त नहीं मिल पाया है। जिसकी वजह से निर्धारित समय पर धान बेचने में दिक्कतें आएगी।

### लगातार उठाव जारी

सरकार की व्यवस्था से प्रभावित होकर किसान अपनी उपज बेचने टोकन प्राप्त निर्धारित तिथि अनुसार उपार्जन केन्द्र पहुंच रहे हैं। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 81927 किसान लाभान्वित हुए हैं। धान उपार्जन केंद्रों से लगातार उठाव हो रहा है। डीओ व टीओ हर दिन जारी हो रहे हैं। नियत समय पर धान परिवहन का टारगेट मिलरों को दिया गया है।

-राहुल सिंह, डीएमओ जिला विपणन संघ

# थाना प्रभारी रात में नियमित गश्त करें : एसएसपी अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल सेक्टर-6 थाना चौकी प्रभारियों के अपराध और शिकायत की समीक्षा बैठक लिया।

एनडीपीएस प्रकरणों में अनिवार्य पालन करते हुए संगठित अपराध की स्थिति में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए है। हत्या, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में मरणासन्न कथन की वीडियोग्राफी, आरोपियों की गिरफ्तारी और आपराधिक इतिहास की जांच, पुरानी रंजिश, मारपीट, हत्या, हत्या के प्रयास के घटना के कारणों का गहन विश्लेषण, चार्ज फ्रेमिंग से कोर्ट ट्रायल तक विवेचकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ने संसाधनों को दुरुस्त करने, धोखाधड़ी, गंभीर मामलों में अभियोग पत्र न्यायालय में पेश करने पूर्व लोक अभियोजन कार्यालय से स्क्रूटनी अनिवार्य, पुराने प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर धारा अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रत्येक थाना में सीडी राइटर का उपयोग, ई-चालान सुरक्षित रखने, सॉफ्ट कॉपी, प्रत्येक चालान में आरोपी व साक्षियों के व्हाट्सएप नंबर, ई-मेल आईडी अंकित कर ई-समंस एवं ई-वारंट जारी करने की व्यवस्था। छोटे-छोटे अपराध करने वाले अपराधियों पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, संवेदनशील स्थानों पर सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक फिक्स प्वाइंट लगाने आदि का निर्देश दिया गया। एसएसपी

- थाना-पुलिस चौकियों के प्रभारियों को निर्देश, पकड़े गए आरोपियों के रिकॉर्ड की होगी जांच

अग्रवाल ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्रों को दुरुस्त, थाना प्रभारियों को नियमित रात्रि भ्रमण, महिला कमांडो का गठन कर लाठी-सीटी के साथ नियमित गश्त, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, लंबित साइबर फ्रॉड प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण, थाना स्तर पर आरक्षक प्रधान आरक्षक (ए-बी) की नोटबुक तैयार कर नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया है। बैठक में सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर, प्रशांत पैकरा , एसडीओपी अनूप लकड़ा, डीएसपी पुलिस लाइन चंद्रप्रकाश तिवारी, भारती मरकाम, सुश्री आकर्षी कश्यप आदि मौजूद थे।

# ऐसे विद्यालयों की आवश्यकता है जो बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एक समय पूरे विश्व में भारत देश को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था और हमारे देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। अंग्रेजों और मुगलों ने लूट-खसोट कर हमारे देश को बहुत नुकसान पहुंचा है। अब भारत देश के मान-सम्मान, प्रतिष्ठा को फिर से पुनर्स्थापित करने के लिए काम करना है। उक्त बातें मां शारदा पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह में सांसद विजय बघेल ने कही। मां शारदा पब्लिक स्कूल सेक्टर-9 भिलाई का वार्षिक उत्सव धूमधाम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अतिथियों ने प्रारंभ में स्कूल के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने हमारी स्वर्णिम शिक्षा व्यवस्था को भी नष्ट भ्रष्ट कर दिया। आज ऐसे विद्यालयों की आवश्यकता है जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार भी दे। साथ ही हमारी पुरातनकालीन शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में काम करें। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र बंछोर, डॉ. पवन कुमार शर्मा, डॉ. पल्लवडे, तुषार सिंह, शोभा शर्मा, परविंदर सिंह सहित अभिभावक और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।



- मां शारदा पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए सांसद विजय

# नेत्र चिकित्सा अधिकारी को दी गई विदाई



**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में पदस्थ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी जसविंदर कौर विरदी की सेवानिवृत्ति पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला अंधत्व निवारण समिति की नोडल डॉ संगीता भाटिया थीं। अध्यक्षता संस्था के प्रभारी डॉ शिखर अग्रवाल ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्पिता शर्मा, डॉ. नितिन कश्यप और सहायक नोडल अधिकारी अजय नायक थे। सभी अतिथियों ने श्रीमती जसविंदर कौर विरदी का सम्मान किया। विरदी ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार जताया। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता भाटिया ने कहा कि नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी विरदी जो केस लेकर जिला अस्पताल आती थी।

## उच्च न्यायालय ने आदेश में कहा-सुनवाई में अनाधिकृत मौजूदगी पर जवाब दें डीजीपी

# ट्रांसपोर्टर को हथकड़ी लगाकर घुमाया, चौकी प्रभारी समेत अन्य के खिलाफ याचिका, 19 को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के ट्रांसपोर्टर समेत अन्य को स्मृति नगर चौकी प्रभारी समेत कर्मियों द्वारा हथकड़ी पहनाकर पैदल चलाया गया था। जिसे लेकर ट्रांसपोर्टर सुजीत साव ने चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, हरिश सिंह,धर्मशील यादव, आत्मानंद कोसरे, कौशलेन्द्र सिंह, हर्षित शुक्ला के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। ट्रांसपोर्टर के याचिका पर न्यायालय ने 13 जनवरी को आदेश जारी किया जिसमें स्मृति नगर चौकी मामले में डीजीपी से व्यक्तिगत हलफनामा जमा करने को कहा गया है।

आदेश दिया है कि शपथ पत्र जमा करने से पहले ध्यान देना होगा कि चौकी प्रभारी का आचरण, न्यायिक, मजिस्ट्रेट की टिप्पणी और परिवाद के जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान चौकी प्रभारी का न्यायालय में अनाधिकृत उपस्थिति क्यों थी। न्यायालय ने चौकी प्रभारी की उपस्थिति में नराजगी जताई थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान कहा है कि न्यायालय की मौजूदगी प्रथम दृष्टया विवरण न्याय प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास प्रतीत होता है। ऐसे में डीजीपी को अपने जबाव में इसका स्पष्ट विवरण देना होगा। जिसकी सुनवाई 19 जनवरी को होनी है। ट्रांसपोर्टर की ओर से पैरवी अवध त्रिपाठी ने किया। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने पक्ष रखा।



### जानिए यह था पूरा मामला

अक्टूबर 2025 में सुजीत साव का परिवार सूर्यामॉल के पीवीआर में सिनेमा देखने गया हुआ था। दुर्ग से पहुंची एक महिला ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। फिर सुजीत समेत अन्य लोगों ने महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट कर दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सुजीत समेत अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। आरोप है कि चौकी में सभी के साथ मारपीट की गई फिर न्यायालय में शाम 6 बजे पेश किया गया। न्यायालय में सुजीत साव समेत अन्य ने बताया था कि सभी के साथ मारपीट की गई। न्यायालय ने सभी का मुलाहिजा कराने के बाद जेल दाखिल करने का आदेश दिया था। आरोप है कि न्यायालय से सभी को पहले चौकी लाया गया । सभी का जुलूस निकाला गया। फिर सुपेला सरकारी अस्पताल में मुलाहिजा कराने के बाद रात 9 बजे जेल भेजा गया। इसी को लेकर सुजीत ने सभी सबूतों के साथ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल किया था।

### मनमानी और निरंकुश कार्रवाई के खिलाफ गुहार

अधिवक्ता अवध त्रिपाठी ने बताया कि याचिका किसी विशिष्ट आदेश के खिलाफ नहीं थी। याचिका प्रतिवादी संख्या 2 गुरविंदर सिंह संधु, समेत 7 अन्य पुलिस कर्मियों की मनमानी, निरंकुश कार्रवाई के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। यातिकाकर्ता को पुलिस हिरासत में यातनाएं दी गई। जिसमें शारीरिक चोटें और गंभीर मानसिक पीड़ा हुई। जो मानवीय गरिमा का घोर उल्लंघन है। थर्ड डिग्री की यातनाएं देना, हथकड़ी लगाना और सार्वजनिक रुप से घुमाना केवल परेशान और अपमानित करने के लिए याचिकाकर्ता के साथ किया गया। मामला सामने आने के बाद कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। कोर्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। न्यायालय ने जल्द सुनवाई होनी है, जिसमें हम अपना पक्ष रखेंगे।

# निषाद राज गुहा एक महान भक्त और संत थे : ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्राम मोहलाई में निषाद समाज द्वारा भक्त शिरोमणि गुहा निषादराज जयंती और मंडाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक चन्द्राकर ने भगवान श्रीराम और भक्त शिरोमणी गुहा निषादराज की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिरोमणि गुहा निषादराज सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक उत्थान का संदेश दिया। उनके जीवनी और कार्यों को जानने का



अवसर मिला। निषाद राज गुहा एक महान भक्त और संत थे, जिन्होंने अपने जीवन में भगवान की भक्ति और सेवा में समर्पित किया था। किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित समाज में लोग सामाजिक एकता के महत्व को समझते हैं और वे अपने समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने व नैतिकता और मूल्यों के महत्व को समझते हैं ।

# सूक्ष्म लघु उद्यम सुझाव समिति में दुर्ग जिले से रतन दासगुप्ता शामिल

**भिलाई।** सीएसआईडीसी द्वारा प्रदेश के एमएसएमई उद्योगों के विकास, संवर्धन और औद्योगिक नीतियों पर सुझाव देने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु उद्यम सुझाव समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 19 लोगों का नाम शामिल है। दुर्ग जिले से बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता को समिति का सदस्य नामित किया गया है।



सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित इस समिति का गठन उद्योगों से जुड़ी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों पर समय-समय पर विचार कर राज्य शासन को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए किया गया है। समिति में सीएसआईडीसी, उद्योग संचालनालय सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। दासगुप्ता के समिति में सदस्य मनोनीत होने पर उद्योग जगत में हर्ष है। दासगुप्ता के मनोनयन पर बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष शशि भूषण, प्रितपाल सिंह, सुरेश चावड़ा, रवि मिश्रा, वरुण घोष, अवी सहगल और योगेश गुप्ता ने हर्ष जताया है।

## रिसाली निगम ने 17 लोगों को जारी किया था नोटिस

# नल कनेक्शन काटने पहुंचे कर्मियों को देख आधा दर्जन लोगों ने किए 42 हजार रुपए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रिसाली निगम ने शुक्रवार को नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। कर्मियों को देख 6 लोगों ने आनन फानन 42 हजार रुपए जमा कराया। रिसाली निगम ने लंबे समय से जल कर जमा नहीं करने पर वार्ड 31 के 17 लोगों को नोटिस जारी किया है। कार्यवाही करते कर्मचारियों ने ताम्रध्वज मार्कण्डेय के निवास में लगे नल कनेक्शन को काटने की कार्यवाही की गई। राजस्व वसूली के लिए आयुक्त मोनिका वर्मा सख्ती बरत रही है। जलकर को लंबे समय से जमा नहीं करने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही करने निर्देश दी है।



### इन बकायादारों को तीन दिन की मोहलत

जल कर बकाया होने पर बिरजू राम ठाकुर को 6880 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया है। 3 दिन में राशि जमा नहीं करने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह बल्लू राम साहू 4400, बल्लू राम साहू 3077, महेश सोनवानी 4400, देवकी बाई 6920, बम्लेश्वरी सिंह 5870, त्रिवेणी देवांगन 5100, जानकी यादव 4400, यादेश साहू 4400, जमवंतीन बाई को भी 3980 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया गया है।


### इन बकायादारों ने दिए टैक्स

टैक्स कलेक्शन के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि शहीद किरण देशमुख वार्ड रिसाली में ताम्रध्वज मार्कण्डेय के घर नल विच्छेदन की कार्यवाही को देख पड़ोस में रहने वाले नरोत्तम साहू ने 11960, जी सी शर्मा ने 6920, मीना देवांगन ने 6920, राजकुमार वर्मा ने 4400, शिवमंगल साहू ने 9440 रुपए जमा कराया। वार्ड 31 के राम नारायण ने पिछले 4 वर्ष से जलकर जमा नहीं किया है। 17630 रुपए बकाया है। कार्यवाही को देख राम नारायण ने 2520 रुपए जमा कर शेष राशि जमा करने मोहलत मांगी।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल

लाइव इवेंट

## बंसल ब्रदर्स को हराकर स्पर्श की टीम बनी विजेता, मिला पुरस्कार



**भिलाई।** स्वर्गीय विद्यारत्न भसीन स्मृति कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला स्पर्श अस्पताल रामनगर और बंसल ब्रदर्स वैशाली नगर के बीच खेला गया। रोमांचक फाइनल में स्पर्श अस्पताल की टीम ने दो रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे।

टॉस जीतकर स्पर्श अस्पताल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की ओर से सत्यम ने 38 रन की अहम पारी खेली। विनोद ने 12 और गगन ने 14 रन जोड़कर टीम को सहारा दिया। निर्धारित 10 ओवरों में स्पर्श अस्पताल ने 86 रन का स्कोर खड़ा किया। बंसल ब्रदर्स की ओर से डोमन ने 3 और महेश ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंसल ब्रदर्स की टीम ने आखिरी ओवर तक संघर्ष किया। प्रदीप ने 20 और महेश ने 14 रन बनाए, लेकिन टीम 10 ओवर में 84 रन ही बना सकी और मुकाबला दो रन से हार गई। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान किए। विजेता टीम को 51 हजार रुपये की नगद राशि दी गई, जो पार्षद संतोष मौर्य की ओर से प्रदान की गई। इस कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में अंचल की कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के लिए टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया और इसके बाद नॉकआउट मुकाबले कराए गए। टूर्नामेंट ने खेल भावना और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में अनूप बंसल, डॉ. संजय गोयल, महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, दिव्या भसीन मक्कड़, डॉ. सविता ललित मोहन, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद संतोष मौर्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग के 59 वे वर्षगांठ में सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

# स्नेह सम्मेलन में दिया सामाजिक एकजुटता का संदेश, सांस्कृतिक आयोजनों के बीच प्रतिभावान युवाओं को किया सम्मानित

**पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग की 59वीं वर्षगांठ पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन-2026 का आयोजन किया गया। राजाभोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर (पूर्व) में हर्षोल्लास के साथ यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। समाज के प्रतिभावान के साथ युवाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विजय बघेल ने दीप प्रज्वल्लन कर की। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू, पवार क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दलाल चौधरी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।**





**भिलाई।** कार्यक्रम में विजय बघेल ने कहा कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न देखा जा रहा है। सभी के सहयोग से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और इसमें एकजुट संगठित सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने सभी को मकर संक्रांति के पावन पर्व की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि संघ लगातार प्रगति की ओर आगे बढ़ते जा रहा है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल एवं विधायक ललित चंद्राकर द्वारा समाज की प्रत्येक वर्ष प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक पत्रिका पवार ज्योति का विमोचन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। अध्यक्ष छोटेलाल पारधी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने पवार क्षत्रिय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, नशे पर प्रतिबंध, युवा वर्ग में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में समाज के बसंत बिसेन, विशाल बिसेन बालाघाट, शंकर पवार बैतुल, युवराज हिंगवे छिंदवाड़ा, कोमल गौतम रायपु, डॉ. रमेश राहंगडाले, ममता राहंगडाले, डॉ. वायआर कटरे, हरिकृष्ण बिसेन, प्रभाकर खौसी, सूरजलाल पटले, लेखसिंह राणा, भागवत प्रसाद देशमुख, गोविंद लाल राहंगडाले सहित अन्य मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री ने दी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की नसीहत

ताम्रध्वज साहू ने समाज की एकता, शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर जोर देते हुए युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही प्रगति और सशक्त भविष्य की नींव होती है। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य अतिथिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहिन्दर कटरे तथा महिला अध्यक्षा आशा शरणागत द्वारा दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, कवर्धा, समस्त छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में स्थापित समाजजनों का अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया गया।



लाइव इवेंट

## आईआईटी में सिनेमा और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर हुआ विचार-मंथन



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में सेंटर फॉर स्टडीज ऑन कल्चर, लैंग्वेज एंड ट्रेडिशन (सीसीएलटी) की ओर से द्वितीय इरा झा वार्षिक स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान श्रृंखला छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की हिंदी पत्रकार इरा झा (1957–2024) की स्मृति में आयोजित की गई, जिन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं।

- हिंदी पत्रकार इरा झा की स्मृति में व्याख्यान का आयोजन

इरा झा का जन्म जगदलपुर में हुआ था। वे हिंदी समाचार डेस्क की पहली महिला मुख्य उप-संपादक बनीं और किसी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक की पहली महिला ब्यूरो प्रमुख भी रहीं। अपने पूरे पत्रकारिता जीवन में उन्होंने बस्तर के जनजातीय समुदायों की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रमुखता से उठाया। महिला सशक्तिकरण और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। दूसरे इरा झा वार्षिक स्मृति व्याख्यान में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक और निर्माता मनोज वर्मा ने सिनेमा और छत्तीसगढ़ी संस्कृति विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा में राज्य की लोक संस्कृति, भाषाएं, खानपान और सामाजिक जीवन को प्रमुखता से दिखाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिनेमा सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों को उठाने और राज्य की बहुलवादी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। सीसीएलटी के माध्यम से आयोजित इस स्मृति व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के कलाकारों, लेखकों और सांस्कृतिक कर्मियों को आईआईटी भिलाई समुदाय से जोड़ना है, ताकि राज्य की संस्कृति और परंपराओं पर सार्थक संवाद हो सके। उल्लेखनीय है कि इस व्याख्यान श्रृंखला के तहत उद्घाटन व्याख्यान 23 जनवरी 2025 को पद्मश्री अनूप रंजन पांडे, संस्थापक बस्तर बैंड द्वारा दिया गया था।




## ऑल इंडिया लीनेस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह में रश्मि बनीं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट

**दुर्ग।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट का प्रथम शपथग्रहण समारोह और बैठक स्वर्णिम कदम आयोजित की गई। यह आयोजन सेवा, नेतृत्व और संगठनात्मक एकता का सशक्त प्रतीक बना। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय थीं। उन्होंने सात्विक जीवन, सकारात्मक सोच और सेवा भावना को अपनाने का संदेश दिया। चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल एवं उनकी पूरी डिस्ट्रिक्ट टीम को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा की। ऑल इंडिया प्रेसिडेंट आशा मोहन (बेंगलुरु) विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने संगठन के नियम-विनियमों की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक महिलाओं को लीनेस आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया। महाराष्ट्र से पधारी शपथ अधिकारी डॉ. मंजरी कुलकर्णी ने रश्मि अग्रवाल सहित संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट, रीजन ऑफिसर, एरिया ऑफिसर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं माइक्रो चेयरपर्सन्स को विधिवत शपथ दिलाई। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि माथुर उपस्थित हुई। उन्होंने सभी मेंबर्स नए सत्र की शुभकामनाएं दी।




कार्यक्रम में कैलाश जैन बरमेचा, अवधेश शर्मा, आशुतोष माथुर मौजूद थे। पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रत्ना ओस्तवाल, मृदुला रोजिंदर, सुमन सिंह, मंजू कौशिक, जया सुर, शबाना नाज, सुधा साव, त्रिप्ता कौर, चित्रलेखा चंदेल, ऊषा अरोड़ा, अनीता कपूर, डॉ. शरद बिरथरे,

अंजना सिंह, शोभा खाखरिया उपस्थित थे। स्वागत भाषण दुर्ग सिटी की प्रेसिडेंट आकांक्षा मिश्रा ने दिया। ध्वज वंदना मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा तथा आभार प्रदर्शन सीमा यादव ने किया।

## लोहड़ी पर पंजाबी संगीत और व्यंजनों की प्रदर्शनी आज



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन भिलाई के तत्वावधान में लोहड़ी उत्सव 17 जनवरी को सेक्टर-5 स्थित पंजाबी पैलेस में आयोजित है। इस दौरान पंजाबी संगीत और व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। लोहड़ी पर्व पर पंजाबी व्यंजन के स्टॉल लगेंगे। जबलपुर के जस्सी संधु अपने पंजाबी गीतों से मंत्र मुग्ध करेंगे। समिति ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की कार्यकारिणी को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर कैलाश मल्होत्रा, जितेन्द्र उप्पल, राम ओबराई, अजय भसीन, हेमंत सोनी और राजीव भसीन ने सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना और उनकी टीम के साथ मुलाकात की। भिलाई सभा और रायपुर सभा ने मिलजुलकर समाज के सदस्यों का मेल बड़ाने पर विचार किया। रायपुर सभा ने अपने जुगल जोड़ी मोबाइल ऐप भिलाई सदस्यों के साथ शेयर करने पर सहमति कर दी। यह जानकारी महासचिव जितेन्द्र उप्पल ने दी।

सांसद बघेल ने विशुद्ध सागर से आशीर्वाद ग्रहण करते हुए शुभकामनाएं दी

# विशुद्ध वाटिका सरोवर का मुनि संघ ने मंत्रोच्चार के साथ किया नामकरण, सांसद विजय भी पहुंचे

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग बड़े जैन मंदिर से मंगल विहार कर राज्य अतिथि का दर्जा प्राप्त पत्ताधीश आचार्य विशुद्ध सागर भिलाई पहुंचे। भक्तों ने सत्संग श्रीफल अर्पण किया। सांसद विजय बघेल भी उनका आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस अवसर पर चैनसुख भट्टड़, संतोष गोलछा, प्रदीप जैन, राजेश जैन, बबलू जैन, अशोक बाकलीवाल, सजल जैन, संजय बोहरा, राजेश जैन सहित अन्य मौजूद थे। आचार्य श्री ने अपने संग के मुनिराज जितेंद्र सागर और समकित सागर को मानव सेवा परिसर पहुंचे। जहां मुनिगण की अगुवाई श्रीफल अर्पण कर वाटिका और जैन भोजनालय में पूज्य मुनि का पद प्रक्षालन किया गया है। मुनिश्री ने नगर पालिका निगम द्वारा प्रस्तावित विशुद्ध वाटिका परिसर नामकरण के लिए आज अपने कमंडल के जल से वाटिका में मंत्रोच्चार कर विशुद्ध वाटिका सरोवर नामकरण का लोकार्पण किया।अपने अमृत वचन से संबोधित करते हुए वाटिका में जैन मुनि ने कहा कि इस मनोरम वाटिका स्थल में आकर बहुत अच्छा लगा। यह प्रकृति प्रदत्त वाटिका है, जहां बुजुर्ग के साथ प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य स्वास्थ्य लाभ के लिए मॉर्निंग वॉक और अस्पताल के मरीजों और अन्य को योगाभ्यास का लाभ मिलेगा।



### मद्यपान और मांसाहार त्यागने की दिलाई शपथ

मुनिश्री ने अवलोकन करते हुए अपना मंगल आशीर्वाद देते हुए मानवी सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने वाटिका को स्वच्छ बनाए रखने, मद्यपान और मांसाहार का हमेशा त्याग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलाने की अपील की।उन्होंने महापौर नीरज पाल का भी आभार व्यक्त किया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि समिति के सभी लोगों द्वारा यह एक अच्छा प्रयास है।

### पंचकल्याण के महोत्सव के लिए बढ़ रहे मुनिश्री

दुर्ग के जैन मंदिर में धर्मसभा का आयोजन किया गया। प्रवचन गुरुवर के सानिध्य में शिष्य मुनिश्री सुब्रत सागर ने अपने स्वयं के द्वारा इसे निवेदन करने पर स्थानीय दिगंबर जैन बड़ा मंदिर दिन में प्रवचन हेतु उपस्थित धर्म सभा पर अपना संदेश दिया। वर्तमान में आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज को राजकीय अतिथि का दर्जा प्राप्त है। उनके द्वारा 400 से अधिक साधु-संतों को दीक्षा दिलाई जा चुकी है। वे छिंदवाड़ा से राजिम नवापारा होते हुए बलौदाबाजार में पंचकल्याण महोत्सव के लिए पदविहार कर रहे हैं। दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा में ज्ञानचंद, संदीप लोहाड़िया, महावीर गंगवाल, विजय जयश्री, कैलाश बाकलीवाल, संदीप जैन, संजय बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।



**सिटी इवेंट**

## शिक्षा सबसे मूल्यवान, परिश्रम और लगन से ही की जा सकती है प्राप्त



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत सीटीईटी एवं सीजी टीईटी कक्षाओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ज्यादा मूल्यवान कोई वस्तु नहीं है। इसे केवल परिश्रम और लगन से ही पाया जा सकता है। वैल्यू एडेड कोर्स से आपको आने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा में निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने 15 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा दी और बताया कि यह कक्षाएं विगत 4 वर्षों से निरंतर चल रही है। शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना आवश्यक है। इन कक्षाओं के माध्यम से सीटीईटी एवं सीजी टीईटी को पास करने में सहायता मिलती है।शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित द्वारा सामाजिक विज्ञान विषय, डॉ. हेमलता सिदार द्वारा हिंदी विषय, डॉ. भावना चौहान द्वारा इंग्लिश ग्रामर, नाज़नीन बेग द्वारा गणित विषय, आशा साहू द्वारा विज्ञान विषय, काकोली सिंघा द्वारा बाल विकास विषय, सत्यम मिश्रा द्वारा विज्ञान एवं रोमा टंडन द्वारा बाल विकास विषय पर कक्षाएं लेकर 15 दिवसीय पाठ्यक्रम पूर्ण किया गया। इन कक्षाओं से बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राएं लाभान्वित हुई।

- महिला महाविद्यालय की शिक्षा विभाग में 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स सीटीईटी एवं सीजी टीईटी का आयोजन

**सिटी लाइव**

## प्रियदर्शनी परिसर में पारिवारिक मिलन समारोह, विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित



**भिलाई।** प्रियदर्शिनी परिसर विकास समिति द्वारा मिलन समारोह मनाया गया। आयोजन का यह 18वां वर्ष था। परिसर के बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई। दिनभर के कार्यक्रम में परिसर के एक छोटे बालक राजवीर सिंह द्वारा गणेश वंदना से शुभारंभ किया गया। इस दौरान गायन, नृत्य, फैन्सी ड्रेस जैसे विभिन्न प्रकार के गेम्स परिसर के बच्चों, युवा एवं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। विजेताओं को समिति के अध्यक्ष जेएन तिवारी द्वारा पुरूस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ममता शांडिल्य, मनीषा नवानी, शुभदा कामड़े एवं प्रियंका शांडिल्य को समिति के संरक्षक डॉ. के. गुरुनाथ, डॉ. विमला गुरुनाथ द्वारा सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम में गणेश ताम्रकार, शैलेन्द्र गुप्ता, संतोष मिश्रा, हेम शर्मा, श्रीमती पूनम सिंह, भावना चतुर्वेदी, एवं सोनल सोनी की भूमिका विशेष रही। डॉ. मृदुला चतुर्वेदी ने संचालन किया। आभार शैलेन्द्र गुप्ता महासचिव ने व्यक्त किया।

**समाज इवेंट**

## यूथ सिख सेवा समिति ने अंतिम संस्कार में की मदद



**भिलाई।** यूथ सिख सेवा समिति ने जरुरतमंद परिवार की मदद की। समिति के हेल्पलाइन नंबर पर कुरूद से सूचना मिली कि खुर्सीपार निवासी प्रेम सिंह अपनी बहन के घर कुरूद गए हुए थे, जहां अचानक उनका निधन हो गया। मृतक के परिजनों में केवल बहन और उनकी छोटी पुत्री हैं। ऐसे में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के लिए परिवार को सहयोग की जरुरत थी। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया। इसके बाद समिति के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए परिवार के साथ खड़े रहकर अंतिम संस्कार की समस्त प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। इस सेवा कार्य में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के कोषाध्यक्ष मलकित सिंह, डॉ. हरजींदर सिंह सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## लीनेस क्लब का हुआ शपथ ग्रहण



**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक का शपथ ग्रहण समारोह दुर्ग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान वीरांगना क्लब अध्यक्ष के रुप में रोजलीना (रीना सिंह), सचिव हेमा राय और कोषाध्यक्ष पुष्पा गेंडारे को चुना गया है। शपथ ग्रहण समारोह में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा, जनकल्याण से जुड़े विषयों पर संगठनात्मक मजबूती को लेकर चर्चा की गई। डिस्ट्रीक्ट के समस्त पदाधिकारियों-वाइस प्रेसिडेंट, सचिव, कोषाध्यक्ष, पीआरओ, रीजन ऑफिसर, एरिया ऑफिसर, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, पीएसटी को उनके पद एवं जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई।

● मकर संक्रांति पर भिलाई नगर सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी परिसर में हुआ दो दिवसीय आयोजन

# पौष मेला में दिखी परंपरा, कला और प्रतिभा का सुंदर संगम, टैलेंट हंट ने बढ़ाया मकर संक्रांति का रंग

भिलाई। मकर संक्रांति के अवसर पर भिलाई नगर सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी परिसर में 14 और 15 जनवरी को सांस्कृतिक उत्सव का खास नजारा देखने को मिला। कालीबाड़ी समिति के तत्वावधान में शांतिनिकेतन की तर्ज पर पौष मेला और टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें परंपरा, कला और प्रतिभा का सुंदर संगम देखने को मिला। कालीबाड़ी समिति की इस पहल ने न केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम किया, बल्कि समाज को एक साथ जोड़ने का भी मजबूत संदेश दिया। दोनों दिन शाम 6 बजे से शुरू हुए पौष मेला में बंगाली संस्कृति की झलक हर कोने में नजर आई। मेले में बंगाली परंपरा से जुड़ी सामग्रियों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, हस्तशिल्प और कलाकृतियों के स्टॉल लगाए गए थे।





### बच्चों से लेकर बुजुर्गों में दिखा खासी उत्साह



बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का उत्साह देखने लायक रहा और हर प्रस्तुति को दर्शकों से भरपूर सराहना मिली। दो दिवसीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परिवारों ने मेले का आनंद लिया, युवाओं ने संगीत और कला से जुड़ी प्रस्तुतियों का लुत्फ उठाया और वरिष्ठजनों ने परंपरा से जुड़ाव महसूस किया। **संगीत व ड्रामा के विजेताओं का सम्मान :** संगीत प्रतियोगता में ग्रुप ए में प्रथम अविरल पसिने, द्वितीय जागोसिनि सान्याल, तृतीय स्वेक्षा शेंडे, ग्रुप बी में प्रथम सोम्याजीत चक्रवर्ती, द्वितीय स्वारा कुमारी, तृतीय सांवी चौधरी, ग्रुप सी में प्रथम नवयान शास्त्री, द्वितीय मुकेश कुमार भारद्वाज, तृतीय तुहिनाद्री सान्याल और रूप सिंह निषाद चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं ड्रामा प्रतियोगिता में ग्रुप ए में प्रथम अद्विजा दत्ता, द्वितीय ईनिशा सार, तृतीय कौर, ग्रुप बी में प्रथम आद्या पटेल और स्वारा कुमारी दूसरे स्थान पर रहे। मंदिर समिति द्वारा सभी विजेताओं का सम्मान किया गया।



### मितानिन और कार्यकर्ता सम्मानित

**भिलाई।** मकर संक्रांति के त्यौहार के उपलक्ष में वार्ड 30 की पार्षद सत्या देवी जायसवाल ने अपने वार्ड की मितानिन, आंगनबाड़ी की बहनों का पुष्प वर्षा कर मिठाइयां और गिफ्ट भेंट कर उनका का सम्मान किया। पार्षद सत्या देवी जायसवाल ने कहा कि हमारी बहने दिन हो या रात, धूप हो या बरसात, लोगों की सेवा करने में लगी रहती है। मितानिन बहनें समाज व स्वास्थ्य को लेकर हमेशा सजग व तत्पर रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत रहती हैं। मितानिन बहनों का यह योगदान समाज व प्रदेश के लिए अमूल्य है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। मितानिनों का यह योगदान समाज को एक दिशा देती है। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन में भी इनका योगदान काफी मददगार है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने पार्षद द्वारा इस सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जायसवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, रमेश चौधरी, नवीन सिंह एवं मितानिन बहने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बंगाली समाज के पारंपरिक व्यंजनों की लगी प्रदर्शनी

बंगाली समाज के पारंपरिक व्यंजनों के साथ अन्य राज्यों के खानपान भी लोगों को खूब पसंद आए और मेले का खास आकर्षण बने। इस आयोजन के साथ ओपन वोकल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 6 वर्ष की आयु से लेकर वरिष्ठ प्रतिभागियों तक ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने बंगाली और हिंदी गीतों की प्रस्तुति देकर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**रेलवे के उत्कृष्टता केंद्र में कार्यक्रम**

## लोको पायलट को दिया गया प्रशिक्षण, जोन देश में ढुलाई का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र




**भिलाई।** रेलवे के उत्कृष्टता केंद्र में आरआरबी से नव नियुक्त सहायक लोको पायलट के प्रथम बैच का ओरिएंटेशन प्रोग्राम सांस्कृतिक भवन बीएमवाई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक दयानंद, अधिकारियों में अनुराग तिवारी, अमित गुप्ता, सुरेश चंद्रा, प्रणेश कुमार, डॉ. प्रशन्ना आर. लोध, श्याम कुर्रे की उपस्थिति रही। ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्देश्य नव नियुक्त सहायक लोको पायलट को भारतीय रेल की महत्ता बताना रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि भारतीय रेल विश्व का चौथा सबसे बड़ी रेल नेटवर्क है। यह संगठन अनुशासन, समयपालन, सुरक्षा और सेवा भावना पर आधारित है। रनिंग स्टाफ, रेलवे के सुरक्षित संचालन में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसकी भूमिका में सदैव सबसे आगे रहती। चालक दल अगर सजग है तो वह हर संभव दुर्घटना को बचा सकता है। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में अधिकारीयों द्वारा इन्हीं बिन्दुओं पर जोर देकर, प्रशिक्षण के दौरान नव नियुक्त सहायक लोको पायलटो पूरी गंभीरता, सजगता से टेक्निकल और सेफ्टी के सभी विषयों में ध्यानपूर्वक पारंगत होने का परामर्श दिया गया। रायपुर डिवीजन मंडल में पहली बार नव नियुक्त सहायक लोको पायलटो का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रशिक्षण हो रहा है, जो कि मंडल के लिए एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। प्रत्येक 4 माह में लगभग 120 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले एक वर्ष में 600 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारतीय रेल के महत्वपूर्ण ज़ोन में से एक है, जो माल ढुलाई क्षेत्रों में लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पहला या दूसरा स्थान रखता है। वर्तमान में एक माइल स्टोन के रूप में सिर्फ 267 दिन में 200 मिलियन टन मॉल का लदान का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इन 80 नव नियुक्त सहायक लोको पायलट के प्रशिक्षण उपरांत रायपुर मंडल में सम्मलित होने से रिक्त पद भरेंगे।

**कार्यक्रम**

## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अभियान का आगाज



**भिलाई।** आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत वैशाली नगर विधानसभा स्तरीय चाय पर चर्चा का कार्यक्रम भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और मंडल अध्यक्ष शशि भगत के नेतृत्व में कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन मौजूद थे। इस कार्यक्रम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के सपना विकसित भारत के आत्मनिर्भर भारत तहत स्वदेशी अभियान हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हेमंत देवांगन, सुषमा जेठानी, पूनम शुक्ला, विजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, स्वीटी कौशिक, प्रीति जाधव, तरुण सिंह, प्रदीप सेन, विजय शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

**वैशाली नगर विधानसभा स्तरीय चाय पर हुई चर्चा**

**प्रशिक्षण शिविर दोपहर 3.30 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा, मंत्री गजेंद्र होंगे शामिल**

**कार्नर न्यूज**

# शौर्य जागृति शिविर में 1 हजार से ज्यादा युवा सीखेंगे आत्मरक्षा के गुर, आज से दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**दुर्ग।** हिन्दुओं के जन-जागरण और हिन्दू राष्ट्र निर्माण को लेकर कार्यरत हिन्दू जन जागृति समिति और वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन युवा को स्वरक्षा का प्रशिक्षण देगी। इसके अंतर्गत 15 से 40 वर्ष के युवक-युवतियों को स्वरक्षा के लिए कराटे, नानचाकू, लाठी-काठी एवं अन्य सुरक्षा संबंधी कला निःशुल्क सिखाए जाएंगे। इसे लेकर 17 और 18 जनवरी को महेश कॉलोनी पुलगांव (डोमशेड) में स्वरक्षा शौर्य जागृति प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में समाज में बढ़ती असुरक्षा की भावना, अपराध और महिलाओं से बढ़ते छेड़छाड़ की घटनाओं से निपटने युवाओं को सक्षम बनाकर उनका मनोबल बढ़ाना है। शिविर में देश व प्रदेश के ट्रेनर शामिल होंगे। उनके द्वारा युवाओं को स्वरक्षा के कला से प्रशिक्षित किया जाएगा।



### संस्था पिछले 10 सालों से दे रही प्रशिक्षण

स्वरक्षा शौर्य जागृति प्रशिक्षण शिविर को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। इसके चलते शिविर में शामिल होने अब तक 1 हजार से अधिक युवक-युवतियों द्वारा पंजीयन करा लिए गए है। शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सनातन संस्था धर्म प्रचारक संत अशोक पात्रीकर बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे। वहीं शिविर के दूसरे दिन समापन सत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज श्रीमंत मुधोराजे भोसले के अलावा प्रबल प्रताप जुदेव,अशोक पात्रीकर अतिथि होंगे। यह बातें हिन्दू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक आशीष शर्मा(अधिवक्ता), कमल बिस्वाल, राष्ट्रीय प्रशिक्षक निरंजन भैय्या, सुदीप अग्रवाल, संजय साहू व संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### 10 लाख से ज्यादा लड़कियां लापता

चर्चा में हिन्दू जन जागृति समिति के छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यौरो के रिपोर्ट के अनुसार देशभर में पिछले तीन वर्षों में 10लाख से अधिक लड़कियां लापता हुई है। यह आंकड़ा समाज के लिए काफी चिंताजनक है। इसलिए युवक-युवतियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस और व्यवहारिक कदम उठाना समय की मांग है। शौर्य जागृति शिविर में समाज में घटित होने वाली विभिन्न आपात एवं कठिन परिस्थतियों में स्वयं की रक्षा कैसे की जाए? इसे लेकर युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। श्री घनवट ने बताया कि हिन्दू जन जागृति समिति की स्थापना 2002 में हुई थी।

### बच्चों को सिखाई जा रही सनातन परंपरा

वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक आशीष शर्मा (अधिवक्ता) कहा कि वैदिक गुरुकुल की स्थापना 3 वर्ष पूर्व की गई थी। दुर्ग में गुरुकुल की चार शाखाएं लंगूरवीर मंदिर,जलाराम भवन सिविल लाईन, राधाकृष्ण मंदिर, महेश कॉलोनी पुलगांव और हनुमान मंदिर तितुरडीह में संचालित की जा रही है। जहां बच्चों को अध्यात्म और संस्कार की शिक्षा दी जा रही है। अब बच्चों को ज्ञान के अलावा सुरक्षा की सीख देंगे। इसके लिए स्वरक्षा शौर्य जागृति प्रशिक्षण शिविर कारगर सिद्ध होगा। इसके अलावा हिन्दू संस्कृति के संवर्द्धन हेतु गुरुकुल द्वारा किए जा रहे अनुभव कथन गुरुकुल के विद्यार्थी द्वारा शिविर में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से 20 जनवरी तक सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल रायपुर में किया जा रहा है। अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, सीबीएसई, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, विद्या भारती और छत्तीसगढ़ सहित 15 राज्यों की बालक बालिका की टीमे शामिल होंगी। जिसमें 114 बालक और 116 बालिका सहित कुल 230 खिलाड़ी भाग लेंगे। गतका खेल पंजाब का एक पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट व आत्म रक्षा की कला है जिसमें तलवार ढाल लाठी (जिसे गतका कहते हैं) का इस्तेमाल होता है। प्राचीन समय में ये आत्मरक्षा हेतु सिखों के गुरुओं द्वारा इसे उपयोग में लाया जाता था तथा समय बीतने पर यह मार्शल आर्ट खेलों में भी तब्दील हो गया। वर्तमान में यह खेल संपूर्ण भारत में प्रचलित हो चला है तथा खेलों के साथ-साथ आत्मरक्षा हेतु भी इसका प्रयोग होने लगा है। 17 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल के हाल मे उक्त प्रतियोगिता का शुभारम्भ होने जा रहा है।

### अंडर-19 अंतिम राउंड के मैच आज से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम राउंड के मैच 17 जनवरी से खेले जाएंगे। इनमें साइंस कॉलेज मैदान राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर, दल्ली राजहरा में टीम राजनांदगांव विरुद्ध रायपुर ब्लू, धमतरी में टीम बीएसपी विरुद्ध बिलासपुर और न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम दुर्ग विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मुकाबले होंगे।

### राज्य स्तरीय स्वर्ण कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता 30 जनवरी से

**रायपुर।** छठवीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 01 फरवरी तक बिलासपुर में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण संस्थान बाहतराई मे होंगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से 550 पुरुष एवं महिला खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे।



प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ एवं जिला संघ के सयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 5 वर्ग समूहों फ्रेशर, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर बालक/ बालिका एवं सीनियर महिला/पुरुष वर्गों मे आयोजित होंगी। राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाएं, योग्य रेफरी, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

### इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रतिभा दिखाई बच्चों ने



**रायपुर।** सेंट जेवियर सिरगिट्टी विद्यालय बिलासपुर द्वारा इंटर स्कूल बैडमिंटन दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन 12 व 13 जनवरी को स्थानीय सीएमडी महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया गया था। जिसमें शहर के तमाम निजी एवं शासकीय विद्यालयों के अंडर 17 बालक/बालिका खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस टूर्नामेंट में आयुष बैडमिंटन एकेडमी, रेलवे, के खिलाड़ियों ने सिंगल बालक वर्ग में जयान अली चैंपियन रहे एवं रनर अप मोहम्मद आरिज़ एवं डबल्स बालक वर्ग में मोहम्मद आरिज़ एवं जैनुल खान चैंपियन रहे। एकेडमी से इस टूर्नामेंट में साराव यादव जैन इंटर नेशनल स्कूल, डी अविछित रेलवे स्कूल, शौर्य उभरनी बिलियंट स्कूल, मानविक शाह बिलियंट स्कूल का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा.खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रदेश एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह एवं बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव एवं वरिष्ठ कोच हेमंत परिहार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

---

### किडनी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने अपनाएं जरूरी उपाय

# गुर्दे में जमा हो गई गंदगी तो कुदरती उपायों को अपनाने करें पहल, आसानी से होगी डिटॉक्स

हमारे देश की एक बड़ी आबादी किडनी संबंधित की समस्याओं से परेशान है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें एक बड़ा कारण है कि लोग समय समय पर किडनी को डिटॉक्स करने के बारे में कोई कदम नहीं उठाते हैं। इसलिए किडनी को डिटॉक्स करने के कुछ नेचुरल उपाय के बारे में आपको जानना चाहिए।

हमारी किडनी शरीर से दिन-रात खून को छानने और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने का काम करती है। मगर आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर गुजरते दिन के साथ प्रोसेस्ड फूड का कंजंप्शन भी बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा प्रदूषण भी किडनी को प्रभावित करने का एक बड़ा कारण है। बहुत से लोगों को अत्यधिक नमक और कम पानी पीने की आदत होती है, जो किडनी के काम का बोझ और बढ़ा देता है, ऐसे में उसमें गंदगी जमा होने लगती है।

जब किडनी सही ढंग से फिल्टर नहीं कर पाती, तो शरीर में क्रिएटिनिन और यूरिया जैसे हानिकारक तत्वों का लेवल बढ़ जाता है, जो आगे चलकर किडनी स्टोन या किडनी फेलियर का कारण बन जाता है। अक्सर हम गाड़ी की सर्विसिंग तो समय पर कराते हैं, लेकिन शरीर के इस सबसे महत्वपूर्ण फिल्टर को भूल जाते हैं। अगर आपको दिनभर थकान के साथ टखनों में सूजन रहती है या यूरिन के रंग में बदलाव दिख रहा है, तो समझ लीजिए कि आपको किडनी को 'डिटॉक्स' करने की जरूरत है। कुछ आसान और नेचुरल उपायों को अपनाकर आप घर बैठे ही अपनी किडनी को डिटॉक्स कर सकते हैं और इसे गंभीर बीमारियों से बचा सकते हैं।



#### किडनी में गंदगी जमा होने के शुरुआती लक्षण क्या हैं?


किडनी अपनी तकलीफ का संकेत कुछ इस तरह देती है- पर्याप्त पानी पीने के बाद भी पेशाब का रंग गहरा होना। ध्यान रखें कि अगर पेशाब में झाग आ रहा है तो ये एक गंभीर चेतावनी हो सकती है, ऐसे में तुरंत डॉक्टर से मिलें। चेहरे, आंखों के नीचे हल्का सूजन आना और कई मामलों में पैरों के टखनों में भी परेशानी हो सकती है। खून में टॉक्सिन्स बढ़ने से त्वचा में रूखापन और खुजली होने लगती है।

बिना कारण पसलियों के ठीक नीचे पिछले हिस्से में लगातार हल्का दर्द महसूस होना। इनमें कोई भी लक्षण अगर गंभीर रुप में दिखे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें क्योंकि वो किडनी फेलियर का शुरुआती लक्षण भी हो सकता है।



किडनी पर गंदगी का बोझ क्यों बढ़ जाता है?

किडनी के गंदगी जमा होने के पीछे हमारी ही कुछ आदतें जिम्मेदार होती हैं- पानी की कमीः पर्याप्त पानी न पीने से किडनी में टॉक्सिन जमा करने का सबसे बड़ा कारण है। कम पानी पीने से किडनी गंदगी को बाहर नहीं धकेल पाती। ज्यादा नमक और चीनीः नमक का सोडियम और चीनी का हाई लेवल किडनी की बारीक नसों को नुकसान पहुंचाता है। पेनकिलर्स का अधिक सेवनः बिना डॉक्टर की सलाह के बार-बार दर्द निवारक दवाएं लेना किडनी के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



#### नेचुरल डिटॉक्स से भविष्य में क्या लाभ होंगे?

नियमित डिटॉक्स करने से आपकी सेहत पर ये सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।किडनी की सफाई से कैल्शियम और यूरिक एसिड जमा नहीं हो पाते, जिससे स्टोन का खतरा टल जाता है। किडनी स्वस्थ रहेगी तो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करना आसान होगा। टॉक्सिन्स बाहर निकलने से आप दिनभर अधिक ऊर्जावान और सक्रिय महसूस करेंगे। समय पर सफाई भविष्य में होने वाले डायलिसिस के भारी खर्च और दर्द से बचा सकती है।

#### इन जादुई ड्रिंक्स से करें किडनी की सफाई

किडनी डिटॉक्स के लिए आप छोटे-छोटे आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट नींबू पानी का सेवन करें। इसके साथ ही आप धनिया का पानी या अदरक की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

---



## बुरी नजर का असर कम करना है तो इसे अपनाएं

कई बार हमारी समस्याओं का कारण जान पाना मुश्किल हो जाता है और हम परेशानियों को दूर करने के लिए कई उपाय आजमाते हैं। अगर आप बुरी नजर से परेशान हैं तो कुछ उपाय आजमा सकते हैं। आपमें से कई लोगों ने इस बात का अनुभव किया होगा कि उनके आस-पास कोई ऐसी नकारात्मक शक्ति का वास होता है जो उन्हें परेशानी में डालती है। कई बार इसका असर आपकी सेहत पर हो सकता है और कई बार इससे आर्थिक हानि होने लगती है। यही नहीं आपके बनते काम भी बिगड़ सकते हैं। ऐसे में हम इन समस्याओं का समाधान ढूंढने की कोशिश करते हैं, लेकिन कारण जान पाना मुश्किल होता है। दरअसल ऐसा आपके ऊपर किसी बुरी नजर की वजह से भी हो सकता है। बुरी नजर की वजह से आपके जीवन में ऐसी समस्याएं हो सकती हैं जिनका आप कारण भी नहीं जान पाते हैं। कई बार आपके घर पर तो कई बार आपके शरीर पर बुरी नजर का दुष्प्रभाव होने लगता है। इन सभी समस्याओं को आप ज्योतिष के कुछ विशेष उपायों से दूर कर सकते हैं। आपने कई बार अपने घर में बड़ों से यह बात कहते हुए सुना होगा कि आपको नजर लगने की वजह से जीवन में परेशानियां हो रही हैं। यही नहीं नजर दोष को कई ज्योतिष उपायों से दूर भी किया जा सकता है। ऐसे ही ज्योतिष



उपायों में से एक है फिटकरी का उपाय। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी जी से जानें फिटकरी से बुरी नजर दूर करने के तरीके के बारे में।

#### नजर उतारने के लिए क्यों किया जाता है फिटकरी का इस्तेमाल

फिटकरी का आध्यात्मिक और रहस्यमय प्रथाओं में उपयोग का एक समृद्ध इतिहास है। यह पारंपरिक चिकित्सा, शुद्धिकरण अनुष्ठानों और नकारात्मक ऊर्जाओं से सुरक्षा के प्रतीक के रूप में बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

#### बुरी नजर दूर करने से पहले क्या करें

इसके लिए सही जगह का चुनाव करना सबसे पहले जरूरी माना जाता है। यह अनुष्ठान आमतौर पर शांत और अबाधित समय के दौरान करने की सलाह दी जाती है। समय की बात करें तो दिन के समय आध्यात्मिक ऊर्जा अधिक सक्रिय होती है, इसलिए फिटकरी से बुरी नजर दूर करने के लिए दिन सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस अनुष्ठान को शुरू करने से पहले व्यक्तिगत स्वच्छता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसमें स्नान करना और साफ कपड़े पहनना सबसे ज्यादा जरूरी हैं।

#### फिटकरी से कैसे दूर करें बुरी नजर का असर

आहार आपके बच्चे को या घर में किसी भी व्यक्ति को बुरी नजर लग जाए तो इसे दूर करने के लिए आप फिटकरी का आसान उपाय आजमा सकती हैं। इसके लिए आप एक गिलास पानी और फिटकरी का एक टुकड़ा लें। फिटकरी के टुकड़े को पानी में डाल दें और इसे अच्छी तरह से घुलने दें। जब यह अच्छी तरह से पानी में घुल जाए तब इसे नजर उतारने के लिए इस्तेमाल किया जा सकती है। इसके लिए आप सबसे पहले फिटकरी के पानी को नजर लगे हुए व्यक्ति के सिर के ऊपर से 7 बार घड़ी की सुई की दिशा में घुमाएं।



---

## घर पर ऐसे बनाएं ढाबा स्टाइल मक्के की रोटी और स्वादिष्ट सरसों का साग

अगर आप भी घर पर रहकर सर्दी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आसान विधि से तैयार करें मक्के की रोटी और सरसों का साग

सर्दियों का मौसम आते ही खाने में देसी और पारंपरिक स्वाद की चाह अपने आप बढ़ जाती है। ठंडी हवाओं के बीच अगर घर पर गरमागरम और पौष्टिक खाना मिल जाए, तो सर्दी का मजा दोगुना हो जाता है। ऐसे में मक्के की रोटी और सरसों का साग उत्तर भारत की सबसे पसंदीदा विंटर डिश मानी जाती है। ये न केवल स्वाद से भरपूर होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। सरसों का साग शरीर को गर्म रखता है और मक्के की रोटी एनर्जी से भरपूर होती है। तो अगर आप भी बाहर की ठंड से बचते हुए घर पर ही सर्दी का आनंद लेना चाहते हैं, तो इस पारंपरिक रेसिपी को आसानी से घर पर बना सकते हैं। खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए ज्यादा सामग्री या मेहनत की जरूरत नहीं होती, फिर भी इसका स्वाद लाजवाब होता है।

#### साग बनाने की सही विधि

आपको सबसे पहले साग तैयार करना है। इसके लिए इसके लिए 250-300 ग्राम सरसों के पत्ते, 100 ग्राम पालक और 50 ग्राम बथुआ को अच्छे से धोकर काट लें। अब अदरक-लहसुन पेस्ट और 2-3 हरी मिर्च डालकर सभी सब्जियों को उबालें। आप चाहें तो हल्का सा नमक डालकर स्वाद बढ़ा सकते हैं। अब साग को उबालने के बाद इसे ठंडा होने दें और दरदरा पीस लें। बहुत ज्यादा महीन पीसने से साग पतला हो जाता है। कढ़ाही में 2-3 बड़े चम्मच घी गरम करें। इसमें 1 बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।अब इसमें पीसा हुआ साग डालें और धीमी आंच पर 10-15 मिनट पकाएं। इसी दौरान इसमें स्वादानुसार नमक और लाल मिर्च पाउडर डाल सकते हैं। साग को बीच-बीच में हिलाते रहें। आखिर में ऊपर से 1 बड़ा चम्मच मक्खन डालें। इसमें सूखी लाल मिर्च का तड़का अवश्य लगाएं।



#### मक्के की रोटी बनाने की विधि

2 कप मक्के के आटे में थोड़ा सा नमक डालें। गुनगुना पानी धीरे-धीरे डालकर नरम, थोड़ा टूटता-फूटता आटा गूंथ लें। ध्यान दें कि मक्के का आटा साधारण तरह से नहीं गूंथा जा सकता, इसलिए इसे थोड़ा संभलकर गूंथें। हाथों को सूखा रखकर आटे की छोटी लोइयां बनाएं। लोई को हथेली में दबाकर या बेलन से हल्का सा गोल आकार दें। अगर फट जाए तो हाथ से सुधारें। तवा गरम करके रोटी को दोनों तरफ से अच्छी तरह सेक लें। सेकते समय हल्का सा घी लगाएं ताकि स्वाद बढ़े और रोटी मुलायम रहे। बस अब गरम साग के साथ मक्के की रोटी को सर्व करें।

---

## इन चीजों में भी मिलता है ओमेगा 3 फैटी एसिड



ओमेगा-3 फैटी एसिड हमारे शरीर के लिए सबसे जरूरी पोषक तत्वों से में एक है। इसके सेवन से संपूर्ण स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। मगर जब भी ओमेगा-3 की बात आती है तो ज्यादातर लोगों के जुबान पर चिया सीड्स का नाम आता है।आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और प्रोसेस्ड फूड के बढ़ते चलन के कारण हमारे शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे जरूरी पोषक तत्वों की भारी कमी होने लगी है। ओमेगा-3 एक 'एसेंशियल फैट' है, जिसे हमारा शरीर खुद नहीं बना सकता, इसलिए इसे आहार के माध्यम से लेना जरूरी होता है। अक्सर जब ओमेगा-3 की बात आती है, तो लोगों के मन में महंगे चिया सीड्स या विदेशी साल्मन मछली का ख्याल आता है, जिससे आम मध्यमवर्गीय व्यक्ति इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाने से कतराता है। मगर क्या आप जानते हैं कि हमारे भारतीय रसोई घर और स्थानीय बाजारों में ऐसी कई सस्ती और सुलभ चीजें मौजूद हैं जो ओमेगा-3 का पावरहाउस हैं? यह पोषक तत्व न केवल आपके हार्ट को स्वस्थ रखता है और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यक्षमता और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी रामबाण माना जाता है। अगर आप भी बजट में रहकर अपनी सेहत को दुरुस्त करना चाहते हैं, तो इन देसी सुपरफूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

चिया सीड्स के विकल्प के रूप में ये भारतीय खाद्य पदार्थ ओमेगा-3 से भरपूर हैं- अलसी के बीजः यह ओमेगा-3 का सबसे सस्ता और प्रभावी शाकाहारी स्रोत है। मुट्ठी भर अखरोट का सेवन आपके दैनिक ओमेगा-3 की जरूरत को पूरा कर सकता है।

---

कार्नर न्यूज

### किचन में होते रहने चाहिए नए प्रयोग

# बग़ैर ब्रेड के भी आसान हैं सैंडविच बनाना, घर पर आजमाने से मिलेगी भरपूर तारीफ

सैंडविच खाने का मन करे और ब्रेड न हो, तो आपके पास उपाय है। आप सूजी की मदद से भी सैंडविच बना सकती हैं। यह सैंडविच 10 मिनट में बनकर तैयार होगा और सब्जियों और चीज़ से भरा सैंडविच पौष्टिक और स्वादिष्ट भी होगा। आपके बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

#### सूजी के सैंडविच बनाने का तरीका-

एक बड़े कटोरे में सूजी और दी डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसमें बारीक कटे हुए प्याज सहित अन्य सारी सामग्री डालें। चीज़ को अलग रख लीजिएगा। बैटर को पतला नहीं कीजिएगा। इसे गाढ़ी कंसिस्टेंसी का होना चाहिए। बैटर को 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। सैंडविच को स्विच में लगाकर गर्म कर लें और उसे घी या बटर से ग्रीस कर लें। बैटर को एक फिर से मिलाएं और सैंडविच मेकर में फैला लें। अब एक-एक चीज़ की स्लाइस रखकर ऊपर एक और लेयर लगाएं। सैंडविच मेकर को ढक दें और सैंडविच बनने दें। आपका बिना ब्रेड वाला सैंडविच तैयार है। इसे चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।



#### रोटी से बनाएं सैंडविच

अगर रोटी बच गई है, तो आप उससे सैंडविच बना सकते हैं। कभी बच्चों का टिफिन बनाने में देर हो रही हो, तो रोटी में खूब सारी सब्जियां डालकर एक स्वादिष्ट लंच बॉक्स रेसिपी बन सकती हैं। आइए जानते हैं, इसे बनाने का तरीका-

#### रोटी सैंडविच बनाने का तरीका

एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें और फिर प्याज डालकर उसे 1 मिनट सॉते करें। उसमें फिर अदरक और लहसुन का पेस्ट और मिर्च डालकर भून लें। प्याज जब ट्रांसलूसेंट हो जाए, तो उसमें गाजर, पत्तागोभी, शिमला मिर्च और चम्मच स्वीट कॉर्न डालकर, सब्जियों को अधिक पकाए बिना एक मिनट तक भूनें। सब्जियों में पाव भाजी मसाला, नमक, हल्दी और मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें। इसमें पनीर, टमाटर सॉस और चिली सॉस डालकर मिक्स करें। सारी चीजों को मिलाकर एक तरफ रख दें। बची हुई रोटी के आधे हिस्से पर हरी चटनी और आधे हिस्से पर मेयो फैलाएं। इसमें चीज़ कद्दूकस कर लें। अब एक आधे हिस्से पर तैयार सब्जी की स्टफिंग फैलाएं और आधे हिस्से को फोल्ड कर लें। ऊपर से मक्खन लगाएं और तवे को गर्म कर लें। इसमें तैयार स्टफ्ड रोटी सैंडविच रखकर दोनों तरफ से सेंक लें। सैंडविच को दोनों तरफ से कुरकुरा कर लें। आपकी लंच बॉक्स रेसिपी तैयार है। इसे सॉस के साथ बच्चों को सर्व करें।

**मूंग दाल से बनाएं पौष्टिक सैंडविचः** ऐसी कई सारी दालें होंगी, जो बच्चे नहीं खाते। ऐसी दालों को आप सैंडविच का रूप दे सकती हैं। जी हां, मूंग और छोले को पकाकर सैंडविच बनाने का तरीका, चलिए हम आपको बताएं।

**मूंग दाल से सैंडविच बनाने का तरीकाः** इसके लिए मूंग दाल और छोले को साफ करके रात भर भिगो लें। दूसरी सुबह इन्हें पानी से निकालकर ग्राइंड करके स्मूथ पेस्ट बना लें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेनियल स्टर्न पर लगे गंभीर आरोप, फरवरी में होगी पेशी



एक्टर डेनियल स्टर्न काफी वक्त से फिल्मों से दूर हैं। उन्होंने वेंचुरा के फॉर्म में सुकून भरा जीवन बिताने के लिए सिनेमा से दूरी बनाई। इस बीच उन्हें लेकर चौंकाने वाली खबर आई है। फिल्म 'होम अलोन' फेम एक्टर डेनियल पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर कैलिफोर्निया के एक मोटल में प्रॉस्टिट्यूशन के लिए उकसाने का आरोप लगा। फॉक्स न्यूज डिजिटल की खबर के मुताबिक डेनियल स्टर्न पर वेश्यावृत्ति के लिए उकसाने का आरोप है। वेंचुरा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के ऑफिस के एक प्रवक्ता ने फॉक्स न्यूज डिजिटल को बताया कि डेनियल स्टर्न ने कथित तौर पर 10 दिसंबर को कैमारिलो के एक मोटल में यह हरकत की थी। एक्टर पर 12 जनवरी को आरोप लगाए गए थे। इसे लेकर उनकी पेशी पहले 13 जनवरी को होने वाली थी, मगर इसे 6 फरवरी तक के लिए टाल दिया गया।

स्टर्न 90 के दशक की क्रिसमस क्लासिक फिल्म 'होम अलोन' में 'वेट बैंडिट' मार्व के रोल के लिए जाने जाते हैं। उनका किरदार उन दो अपराधियों में से एक था, जो मैककलिस्टर परिवार के शिकागो वाले घर में चोरी करने के लिए घुसे थे। 68 वर्षीय डेनियल स्टर्न ने अपनी पत्नी के साथ धीमी जिंदगी जीने के लिए हॉलीवुड छोड़ने का फैसला किया। पीपल मैगजीन के अनुसार, अभिनेता वेंचुरा के एक फार्म में चले गए, जहां वे खेती को समय देते हैं। कुछ पालूत जानवरों की देखरेख करते हैं। स्टर्न 'ब्रेकिंग अवे', 'सिटी स्लिकर्स' और 'द वंडर इयर्स' में भी नजार आ चुके हैं। स्टर्न ने दावा किया कि 80 और 90 के दशक में अपनी सफलता के दौरान उन्होंने इतना पर्याप्त धन कमाया कि उन्हें काम करने की जरूरत नहीं पड़ी।

### टॉलीवुड

## सेतुपति के जन्मदिन पर 'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' का पोस्टर रिलीज



विजय सेतुपति की नई पैन-इंडिया फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर घोषित हो गया है। इस फिल्म का पहले नाम पुरी सेतुपति था, लेकिन अब इस का आधिकारिक नाम है-'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' होगा।

फिल्म निर्माताओं ने विजय सेतुपति के जन्मदिन पर उनकी नई फिल्म 'स्लम डॉग 33 टेंपल रोड' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में विजय का दमदार लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। निर्माताओं ने इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'झुग्गी-झोपड़ियों से... एक ऐसा तूफान उठता है, बेबाक और असली जिसे कोई रोक नहीं सकता।'

फिल्म के निर्देशक पुरी जगन्नाथ हैं। इस फिल्म को पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर मिलकर बनाएंगे। फिल्म में विजय सेतुपति एक बहुत ताकतवर और बेबाक किरदार निभाएंगे। विजय की यह पैन-इंडिया फिल्म पांच भाषाओं में रिलीज होगी- तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम। इस फिल्म में विजय के अलावा तब्बू, संयुक्ता, दुनिया विजय, ब्रह्माजी और वीटीवी गणेश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। हर्षवर्धन रामेश्वर संगीत निर्देशक हैं।

### भोजपुरी

## पवन ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन पत्नी ज्योति ने वीडियो किया साझा



भोजपुरी के सिंगर-एक्टर पवन सिंह को उनकी पत्नी ज्योति सिंह ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजी हैं। पवन सिंह की पत्नी ज्योति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में पवन सिंह केक काटते नजर आ रहे हैं। इसे साझा करते हुए ज्योति सिंह ने कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो। भगवान आपकी सारी कामनाएं पूरी करें।' ज्योति सिंह की इतनी सी विश अब सभी लोगों का ध्यान खींच रही है।

वहीं इस वीडियो के वायरल होने पर कई यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में कहा कि पवन यहां काफी नशे में दिख रहे हैं। वो सही से खड़े भी नहीं हो पा रहे। वो लड़खड़ाते हुए केक काटते दिखे। इस दौरान पीछे उनके फैंस और दोस्तों का शोर सुनाई दे रहा है। ज्योति का पवन सिंह को विश करना इसलिए भी लोगों का ध्यान खींच रहा है, क्योंकि दोनों का रिश्ता पिछले कुछ वक्त से सही नहीं चल रहा है। यही नहीं दोनों के बीच बात तलाक तक पहुंच चुकी है और मामला कोर्ट में है। दोनों के बीच तलाक का मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है। साल 2025 में ज्योति सिंह ने आरोप लगाया था कि पवन सिंह अब इस रिश्ते को मौका नहीं देना चाहते। यही नहीं ज्योति सिंह का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वो पवन सिंह के घर पर पहुंच गई थीं। जहां उनके पीछे पुलिस भी पहुंची थी। इस दौरान ज्योति और पुलिस के बीच झड़प भी हुई थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इसके बाद पवन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष भी रखा था और ज्योति सिंह पर भी आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में काराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था। हालांकि उन्हें वहां हार का सामना करना पड़ा।

### लाइफ स्टाइल



नीले का जलवा


स्प्रिंग 2026 का रंग सेरुलियन ब्लू होना चाहिए। यूरोपियन फैशन शो में इस की नुमाईश करते हुए लाक्वान स्मिथ, सर्जियो हडसन और टोरी बर्च मानते हैं कि सेरुलियन ब्लू सही मायनों में स्प्रिंग 2026 का प्रतीक है। डिजाइनर लाक्वान स्मिथ ने ब्लैक बेल्ट के साथ क्लासिक स्लिप ड्रेस को एक स्टाइलिश लुक दिया, जबकि डिजाइनर सर्जियो हडसन ने सेक्विन वाले कॉर्सेट गाउन के साथ '80 के दशक की अपनी प्रेरणा दिखाई। इस बीच, टोरी बर्च ने इस चमकीले रंग में एकदम सही वूल कोट बनाया है।

## अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान

नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।

### नाखूनों की देखभाल कैसे करें

नाखूनों और क्यूटिकल्स पर रोज़ाना क्यूटिकल ऑयल, हैंड क्रीम या नारियल/बादाम के तेल से मालिश करें। पानी या केमिकल (डिटर्जेंट, क्लीनर) के संपर्क में आने से बचाने के लिए घर के काम करते समय ग्लव्स पहनें। अंडे, दूध, हरी सब्जियां, दालें, और बादाम जैसे बायोटिन और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ खाएं। एसीटोन-फ्री रिमूवर का इस्तेमाल करें और बार-बार रिमूवर का प्रयोग न करें। नाखूनों को ज्यादा लंबा न बढ़ने दें;



उन्हें छोटा और समान आकार में काटें। टूटे या फटे हुए हिस्से को छोटा करने के बाद, उसे चिकना करने के लिए फाइल करें, ताकि वह फंसे नहीं। नाखूनों को चबाने या खरोंचने से बचें।

### अगर नाखून टूट जाए तो क्या करें

अगर नाखून टूट गया है, तो नुकीले हिस्से को काट दें और फिर उसे फाइल करके चिकना कर लें। यदि नाखून का बेड (त्वचा) दिख रहा है, तो उसे ढक कर रखें ताकि संक्रमण न हो और वह और न फटे। यदि नाखूनों के टूटने की समस्या लगातार बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह लें क्योंकि यह आयरन या अन्य पोषक तत्वों की कमी का संकेत हो सकता है।


## सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल



सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।



### लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइल



स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### हाईनेक के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी। स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं।

## वेडिंग रेडी लुक पाने के लिए परफेक्ट रहेंगे आसान ब्रेड हेयर

अपने लुक को कम्प्लीट करने के लिए हेयर स्टाइल का रोल अहम होता है और फेस्टिव सीजन में बालों को खास लुक देने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल में बालों को फ्रंट से सेट करना चाहती हैं 4 से 6 ब्रेड बनाकर आप इसे बोक पिंस की मदद से कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल के साथ आप छोटे-छोटे बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं और हेयर एक्सेसरीज की मदद से अपने लुक को कम्प्लीट कर सकती हैं। अगर आपको फेस्टिव सीजन में ब्रेड में ट्विस्ट देना है तो इस तरह के आधे बालों में केवल फ्रेंच डिजाइन की ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं आगे आपके बाल कलर हुए हैं तो इसकी लुक और भी ज्यादा खिलकर लेयर बाई लेयर निकलकर सामने नजर आएगी। सबसे आसान लेकिन देखने में थोड़ी सी मुश्किल जरूर नजर आती है यह वॉटर फॉल स्टाइल ब्रेड। वहीं बालों को आकर्षक लुक देने के लिए इसमें आप कलरफुल थ्रेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आप केवल इसकी एक ही ब्रेड बनाए ताकि



आपका लुक खूबसूरत नजर आए। आजकल इस तरह की ब्रेड बेहद चलन में है। इसके लिए आपको केवल सिंपल ब्रेड बनानी होगी और बस उस ब्रेड को आप चौड़े या पतले डिजाइन वाले रिबन की मदद सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो हेयर एक्सटेंशन लगाकर बालों की लेंथ को लम्बा भी कर सकती हैं।

## सर्दी के मौसम में स्किन केयर लाएगा आपकी त्वचा का निखार


सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं।

घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

### सही स्किन टाइप का ना जानना



सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### स्किन केयर रूटीन की अधिकता

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### कार्नर न्यूज

### मौजूदा दौर में केमोफ्लाज ड्रेसिंग शामिल है मेंस फैशन के स्टाइल में

## केमोफ्लाज ड्रेसिंग को पहनें तो रखें इन स्टाइलिंग टिप्स का ध्यान, तब ही मिलेगा परफेक्ट लुक

केमोफ्लाज ड्रेसिंग को अपने स्टाइल में शामिल करना चाहते हैं? लेकिन परफेक्ट लुक वाला मामला कभी ठीक बैठता ही नहीं है तो आपको कुछ खास बातें ध्यान रखने की जरूरत है। इन टिप्स के साथ जब आप केमोफ्लाज ड्रेसिंग अपनाएंगे तो आपका लुक हैंडसम आएगा और आपको खुद भी अपना स्टाइल बेहतरीन लगेगा। केमोफ्लाज ड्रेसिंग के लिए क्या हैं जरूरी टिप्स जानते हैं-

### केमो जैकेट से करे कमाल

केमोफ्लाज जैकेट इस प्रिंट में सबसे ज्यादा पहना जाने वाले पहनावा है, इस जैकेट को कई सारी ड्रेस के साथ लेयर किया जा सकता है। इसको हुडीज के साथ भी पेयर कर सकते हैं। लेकिन केमो जैकेट के साथ रंगों का कॉम्बो काला, सफेद या ग्रे ही रखें। इस जैकेट को शॉर्ट ही चुनें।

### केमो जॉगर्स से मिले स्टाइल

केमोफ्लाज जॉगर्स उन पुरुषों के लिए पर्फेक्ट विकल्प है तो अक्सर सिर्फ ग्रे या काले रंग के पैंट ही



पहनते हैं। इस तरह से उनकी ड्रेसिंग में प्रिंट भी शामिल हो जाते हैं। लेकिन हां, इनको चुनने के लिए टैपर्ड फिट ही चुनें और ऊपर टॉप ब्लैक कलर का पहनें।

केमोफ्लाज शर्ट से भी दें लुक को नया अंदाज

केमोफ्लाज शर्ट भी लुक को परफेक्ट बनाने का काम करती है। इनको पहनते हुए कभी भी बहुत थी ज्यादा टाइट शर्ट न चुनें।

इस शर्ट को डिस्ट्रेस्ड जींस के साथ पहनें। इस शर्ट को लेयर करना हो तो अंदर सफेद टी शर्ट पहनें। इस वक्त शर्ट की बांह फोल्ड जरूर कर लें।

### केमो शॉर्ट भी हैं विकल्प

अब अगर आप केमो शॉर्ट पहनना पसंद करते हैं तो इनको पहनने का भी एक तरीका होता है। इस शॉर्ट को ब्लैक टी शर्ट के साथ पहनें। इसके आलावा खाकी टीशर्ट भी पहनी जा सकती है। इनको ट्रेनर्स के साथ मैच करें।

### केमो ट्राउजर्स को पहनें ऐसे

केमो ट्राउजर्स पहनने की बारी आए तो बैगी स्टाइल ट्राउजर्स न पहनें। साथ में काले बूट्स भी बिल्कुल न पहनें। ट्राउजर्स भी स्लिम फिट ही पहनें।

